


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल

साझा करें अपने मित्रों से

सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग

वर्ष- 13, अंक - 173 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, सोमवार 11 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-







## खास-खबर

### बीजापुर में नक्सलियों ने की पुलिसकर्मी की हत्या, बाजार में वारदात को दिया अंजाम

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में नक्सलियों ने कथित तौर पर गांव के बाजार में एक पुलिसकर्मी की हत्या कर दी। नक्सलियों ने रविवार को पुलिसकर्मी को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना बीजापुर से 73 किलोमीटर दूर मिरतुर गांव में उस समय घटी जब सहायक आरक्षक गोपाल कडती साप्ताहिक बाजार में गए थे। वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हमलावार सादे कपड़े में थे और उन्होंने धारदार हथियार से काडती पर हमला किया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कडती मिरतुर पुलिस थाने में तैनात थे। अधिकारी ने बताया कि हमले के तरीके से पता चलता है कि घटना को नक्सलियों ने अंजाम दिया होगा। इसमें नक्सलियों के एक छोटे दल का हाथ हो सकता है। पुलिस टीम को हमलावरों की तलाश करने के लिए इलाके की छानबीन कर रही है।

उन्होंने बताया कि मृतक मिरतुर गांव के ही निवासी थे और पुलिस थाना परिसर में संतरी की ड्यूटी करने के बाद बाजार गए थे। अधिकारी ने बताया कि कडती वर्दी में थे और जब हमला हुआ तो उनके पास हथियार नहीं था।

### रोपवे हादसा: 2 महिलाओं की मौत, 50 पर्यटक 2000 फीट की ऊंचाई पर फंसे, हेलिकॉप्टर से भी बचाना मुश्किल

**देवघर (एजेंसी)।** देवघर में रविवार शाम हुए रोपवे हादसे में जहां 2 महिलाओं की जान चली गई तो करीब 50 पर्यटक अब भी 2000 फीट की ऊंचाई पर फंसे हुए हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद करीब 20 घंटे बाद भी इन्हें उतारा नहीं जा सका है। एयरफोर्स के 2 हेलिकॉप्टर को भी रेस्क्यू मिशन पर लगाया गया है लेकिन तारों की वजह से इन्हें हेलिकॉप्टर को ट्रॉलियों तक पहुंचने में दिक्कत हो रही है। लोगों तक ना खाना पहुंच पा रहा है और ना ही पानी। नीचे अब परिजनों का सब्र भी जवाब देने लगा है। रविवार शाम देवघर से 22 किमी दूर त्रिकूट पहाड़ पर बड़ा हादसा हो गया। रामनवमी के अवसर पर बड़ी संख्या में पहुंचे पर्यटक रोपवे पर सवार होकर रोमांच का आनंद ले रहे थे। तभी तार टूटने से एक ट्रॉली नीचे गिर पड़ा। हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि दर्जनभर से अधिक पर्यटक घायल हो गए। रेस्क्यू कर लाए गए 7 घायलों को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। उनमें से एक बच्चे और महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। 12 ट्रॉलियों में करीब 50 लोग ऊपर ही लटके रह गए।

# राम की शरण में सरकार

## सीएम बघेल ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- 80 के दशक से पहले भगवान राम जनसंघ के एजेंडे में नहीं थे



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** साल 2023 में होने वाले चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार राम की शरण में पहुंच गई है। यहां एक तरफ राम वनगमन टूरिज्म सर्किट से जुड़ी तैयारियां तेज हो गई हैं। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा के ऊपर राम के नाम पर वोट मांगने की बात कहकर हमला बोला है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने राम वन गमन टूरिज्म सर्किट का मकसद बताया। उन्होंने कहाकि इसके जरिए अयोध्या से वनवास के दौरान भगवान राम के यहां गुजारे गए समय की यादों को संरक्षित करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहाकि जब धार्मिक महत्व की जगहों की बात आती है तो छत्तीसगढ़ के पास एक लंबी फेहरिस्त है। भूपेश बघेल ने कहाकि 80 के दशक से पहले भगवान राम जनसंघ के एजेंडे में नहीं थे। उन्होंने कहाकि भाजपा राम के नाम पर वोट मांगती है, लेकिन हमारा ऐसा कोई इरादा नहीं है। हम बस अपनी संस्कृति को आगे ले जाना चाहते हैं।

### 138 करोड़ से हो रहा विकसित

वहीं गृह और पर्यटन मंत्री ताम्रध्वज साहू ने भी राम वन गमन सर्किट के बारे में बात की। उन्होंने कहाकि यह मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ड्रीम प्रोजेक्ट है। साहू ने बताया कि इसे 138 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट के पहले चरण में उन नौ जगहों को विकसित किए जाने की योजना है, जिनके बारे में माना जाता है कि भगवान राम यहां ठहरे थे। वहीं कांग्रेस विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि वनवास के दौरान भगवान राम जहां-जहां ठहरे थे, छत्तीसगढ़ सरकार ने उन सभी जगहों को विकसित किया है। उन्होंने बताया कि राम वन गमन पथ के तहत 75 जगहों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इनमें से पहले चरण में शामिल नौ जगहों पर आज भूमि पूजन किया गया।

## गजराज का आतंक: 2 दिन में 3 को कुचलकर मार डाला, हाथियों के हमले से ग्रामीणों में दहशत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। धमतरी में रविवार को हाथी के हमले से फिर एक युवती की जान चली गई है। 48 घंटे में हाथी 3 लोगों को अपना शिकार बना चुका है। दो हाथी झुंड से अलग होकर गांव से लगे जंगल में मौजूद है। वन विभाग ने गांव में मुनादी कराई है कि जंगल में लकड़ी, महुआ आदि बीनने कोई न जाए। रात के समय घरों में बत्तियां जलाकर उजाला रखें। गजराज के हमले से ग्रामीणों में दहशत है।

नगरी ब्लॉक से लगे सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व एरिया के बिरनासिल्ली जंगल के कक्ष क्रमांक 352 में रविवार को सुखबाई कमार (25 वर्ष) को हाथी ने कुचल दिया है। युवती की मौके पर ही मौत हो गई। हाथी ने इससे पहले शनिवार को ग्राम पांवद्वार जंगल के कक्ष क्रमांक 348 में लकड़ी इकट्ठा कर रहे महिला व पुरुष पर हमला किया था। ग्राम पंचायत पाइकभाटा निवासी महिला भूमिका मरकाम (38 वर्ष) और पांवद्वार निवासी बुधाम नेताम (45 वर्ष) को सूंड से उठाकर पटक दिया और पैरों से कुचल दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। वहीं लकड़ी इकट्ठा कर रहीं 8 महिलाओं ने भागकर अपनी जान बचाई थी।

### जंगल में नहीं जाने कराई मुनादी

हाथियों के हमला करने से अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। वन परीक्षेत्र अधिकारी जीएस राजपूत, रामाराव बघेल ने मृतकों के परिजनों को वन विभाग द्वारा 25-25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि उपलब्ध कराई। सीतानदी उदंती टाइगर रिजर्व के उप निदेशक अरुण जैन ने बताया कि दो हाथी 3 दिन पहले झुंड से अलग हो गया है और आसपास के जंगलों में अकेले भटक रहा है। गांव में मुनादी कराई गई है कि जंगल में कोई न जाए। वहीं हाथियों की मौजूदगी वाले स्थानों में आवाजाही प्रतिबंधित की गई है। वन विभाग के कर्मचारी निगरानी भी कर रहे हैं।

## रामनवमीं पर निकली रामजी की सवारी



### जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर

**भिलाई।** रामनवमीं के अवसर पर भिलाई में कई संगठन व समितियों द्वारा भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। हिन्दू संगठनों द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में भव्य व आकर्षक झांकियों ने भी मन मोह लिया। शोभायात्रा में भीड़ उमड़ी तो लोग अपने घरों की छतों पर चढ़कर लोगों ने शोभायात्रा का आनंद लिया। वहीं इस अवसर पर पूरा शहर जय श्रीराम के नारों से सराबोर हो गया।

## तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाइक सवार की मौत, पत्नी गंभीर और कई वाहन एक-दूसरे से ठकराए, 8 अन्य घायल


श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** पुरानी भिलाई थाना अंतर्गत डबरापारा चौक पर ढलान की ओर रविवार रात को बड़ा हादसा हो गया। यहां एक तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी को गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर कार चालक भागने की फिराक में डबरा पारा चौक पर ट्रक को पीछे से ठोकर मार दी। इस दौरान एक अन्य कार भी भी टकरा गई।

पुरानी भिलाई पुलिस के अनुसार खुर्सीपार श्री राम चौक निवासी संदीप सिंह अपनी पत्नी रागिनी देवी को लेकर बाइक से भिलाई 3 की ओर जा रहा था। हादस रात करीब 8 से 9 बजे के बीच का बताया जा रहा है। अभी वह डबरापारा चौक से आगे जा रहा था इस दौरान कार क्रमांक सीजी 04 एमडी 8137 का चालक मनोज तेज रफ्तार से चलाते हुए आया और बाइक को टक्कर मार दी। जिससे संदीप व उसकी पत्नी सड़क पर गिर गए।

### बाइक सवार की मौत के बाद भी नहीं थमी रफ्तार

बाइक को टक्कर मारने के बाद मनोज ने कार नहीं रोकी। वह और तेज रफ्तार में कार को लेकर डबरापारा चौक की तरफ भागा। कार इतनी तेज रफ्तार में थी मनोज खुद को नहीं संभाल सका। वह डबरापारा चौक के पास खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसा। उसके चलते एक चार पहिया वाहन और ट्रक से जा टकराया। इससे उसके परखच्चे उड़ गए। इस वाहन में सवार सात लोगों को गहरी चोटें आई हैं। सभी को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।



### घंटों लगा रहा सड़क में जाम

दुर्घटना के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया था। भिलाई तीन पुलिस ने घंटों मसक्कत के बाद ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु किया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि जहां दुर्घटना हुई वहां आए दिन लंबा जाम लगता है। इसी के कारण यह दुर्घटना हुई है।

## दरिंदगी की हदें पार: महिला के साथ युवक ने किया दुष्कर्म, विरोध करने पर गुप्तांग में डाला रॉड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चांपा।** छत्तसीगढ़ के जांजगीर चांपा जिले से हैवानियत का ऐसा मामला सामने आया है, जो किसी के भी होश उड़ा देगा। यहां 58 साल की एक मानसिक विक्षिप्त महिला के साथ युवक ने दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं युवक ने हैवानियत की सारी हदें पार करते हुए महिला के साथ निर्भया कांड जैसी वारदात को अंजाम दिया। जब महिला ने इसका विरोध किया तो वह उसे घसीटते हुए दूर तक ले गया, लात-घूसों से पिटाई की और निजी अंगों में रॉड डाल दी।



जानकारी के मुताबिक, महिला सड़क किनारे ही सोया करती थी। छह अप्रैल की सुबह महिला गंभीर हालत में मिली। उसके शरीर पर चोट के कई निशान थे। स्थानीय लोग उसे अस्पताल ले गए और पुलिस को सूचना दी। हालांकि, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पहले तो पुलिस ने इसे हादसा मानकर मामले की जांच शुरू की, लेकिन जब पोस्टमार्टम रिपोर्ट सामने आई तो पुलिस के होश उड़ गए। चिकित्सकों ने बताया कि महिला के साथ ना सिर्फ बेरहमी के साथ मारपीट की गई है बल्कि उनके साथ दुष्कर्म जैसी घिनौनी वारदात को भी अंजाम दिया गया है।

### सीसीटीवी में बाल खींचता दिखा आरोपी

डभरा पुलिस ने मामले की जांच करते हुए घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें एक फुटेज में आरोपी युवक महिला के बाल खींचते हुए दिखाई दिया। इसी आधार पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी का नाम किशन है और उसने पूछताछ के दौरान गुनाह कबूल किया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

## रामनवमी पर भारी बवाल : शोभा यात्रा के दौरान पथराव, हिंसा में एक की मौत, सैकड़ों घायल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रामनवमी की शोभा यात्रा के दौरान देश के कई राज्यों में भारी बवाल हुआ। गुजरात, झारखंड, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में शोभा यात्रा पर उपद्रवियों ने पथराव किया। इससे हिंसा भड़क उठी। गुजरात में एक की मौत हो गई। दिल्ली के जेएनयू कैंपस में पूजा के दौरान नॉनवेज खाने को लेकर हंगामा हो गया। छात्रों पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। इसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हो गए।

गुजरात के साबरकांठा, आणंद और द्वारका में उपद्रवियों ने भारी बवाल किया। साबरकांठा में रामनवमी पर विश्व हिंदू परिषद (एबीवीपी) की शोभा यात्रा पर हमला हुआ। कई गाड़ियों और दुकानों को आग के हवाले कर दिया गया। आणंद जिले में शोभा यात्रा के दौरान पथराव के बाद हिंसा भड़क गई। इसमें एक शख्स की मौत हो गई। द्वारका में भी उपद्रवियों ने शोभायात्राओं को निशाना बनाया।

पश्चिम बंगाल के बांकुड़ा में रामनवमी के जुलूस के दौरान जमकर बवाल हुआ। यहां मचानताला पेट्रोल पंप मोड़ के पास स्थित मस्जिद के सामने से निकल रहे जुलूस पर उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. सुभाष सरकार ने कहा कि बांकुड़ा में रामनवमी के जुलूस पर पथराव किया गया। यह राजनीतिक रूप से किया गया था। उन्होंने मेरी कार पर भी पथराव किया। मैं पुलिस से अपील करता हूं कि आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

झारखंड के लोहरदगा जिले के हिरही भोक्ता बगीचा इलाके के पास रामनवमी की शोभायात्रा पर पथराव हुआ। जुलूस में शामिल लोगों पर धारदार हथियारों से हमले किए गए। शोभायात्रा में शामिल 15 से ज्यादा लोग घायल हो गये। पूरे जिले में तनाव की स्थिति है। हालात को देखते हुए इलाके में भारी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है।

मध्य प्रदेश के खरगोन में भी रामनवमी पर खूब बवाल हुआ। शहर में आगजनी हुई, जिसमें चार घर पूरी तरह जलकर खाक हो गए। बताया जा रहा है कि रामनवमी का जुलूस शुरू ही हुआ था कि उपद्रवियों ने डीजे को लेकर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते पथराव होने लगा। इसके बाद दोनों पक्ष एक दूसरे से भिड़ गए। उपद्रवियों के हमले में एक पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए हैं। बताया जा रहा है कि, उपद्रवियों ने शीतला माता मंदिर में भी तोड़फोड़ की है।

जेएनयू में रामनवमी पर पूजा को लेकर विवाद शुरू हुआ। एबीवीपी और लेफ्ट के छात्रों के बीच हिंसा भड़क गई। इस घटना में कुछ छात्र घायल हुए हैं। दरअसल, कावेरी हास्टल में कुछ छात्र रामनवमी पर पूजा कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान वामपंथी छात्र नेताओं ने रोजा इफ्तार पार्टी शुरू कर दी। नॉन वेज मंगवा लिया। इसपर रामनवमी की पूजा कर रहे कुछ छात्रों ने विरोध जताया। कहा कि पूजा के दौरान नॉनवेज लाना ठीक नहीं है। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसमें कई छात्र-छात्राएं घायल हुए। फिलहाल मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## परिवहन विभाग की घर पहुंच सेवा:10 माह में 8 लाख से ज्यादा लोगों के बने कार्ड, हेल्पलाइन नंबर भी जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में परिवहन विभाग द्वारा रजिस्ट्रेशन व ड्राइविंग लाइसेंस के लिए घरपहुंच सेवा शुरू की है जिसका शानदार रिस्पांश मिल रहा है। 10 माह की अवधि में ही इस सेवा का लाभ लेने वालों की संख्या लाखों में है। सरकारी रिकार्ड के अनुसार 10 माह में 8 लाख 50 हजार से ज्यादा लोगों के रजिस्ट्रेशन कार्ड व ड्राइविंग लाइसेंस बनाए गए हैं।

बता दें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के नेतृत्व में परिवहन विभाग द्वारा नई सुविधा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जून से मार्च तक 10 माह की अवधि में 8 लाख 52 हजार 136 स्मार्ट कार्ड आधारित आरसी और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 5 लाख 61 हजार 799 स्मार्ट कार्ड आरसी व 2 लाख 90 हजार 337 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है।




### हेल्पलाइन नंबर भी किया जारी

परिवहन विभाग ने 'तुंहर सरकार, तुंहर द्वार' सेवा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए एक हेल्पलाईन नम्बर 75808-08030 जारी किया गया है। इस नंबर पर सभी कार्य दिवस के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कॉल कर सहयता ले सकते हैं। आवेदक ई-मेल आईडी cgparivahandispatch@gmail.com पर भी अपनी मेल भेजकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

हेल्पलाइन नम्बर पर फोन करके आवेदक अपने ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र के प्रेषण संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी औसतन प्रतिदिन 150 कॉल आ रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रक्रिया, टैक्स एवं फीस संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में बदलाव

पाकिस्तान में अंततः सियासत ने नई करवट ले ली और इमरान सरकार को बहुमत के अभाव में जाना पड़ा। इमरान खान ने अंतिम समय तक खुद को बचाने की कोशिश की। सहानुभूति का लाभ लेने या माहौल के बदलने का इंतजार किया, लेकिन विपक्ष के अड़ने से जब हर चाल व उम्मीद नाकाम हुई, तब रविवार को 174 मतों के साथ नेशनल असेंबली में अविश्वास प्रस्ताव पास हो गया। वह इस तरह रुखसत होने वाले अपने देश के पहले प्रधानमंत्री बन गए हैं। वह चूंकि अपनी पूरी फजीहत कराकर रुखसत हुए हैं, इसलिए उन्हें आने वाले दिनों में सियासी मोर्चे के साथ-साथ प्रशासनिक मोर्चे पर भी खूब संघर्ष करना पड़ेगा। उनके विदेश जाने पर एक तरह से रोक लग गई है और उन्होंने अपनी कमजोरियों की वजह से अपने विरोधियों को मौका दे दिया है। दरअसल, जब आप लोकतांत्रिक और सांविधानिक संस्थाओं पर विश्वास करते हैं, तब ये संस्थाएं भी आप पर विश्वास करती हैं और मजबूती देती हैं। लेकिन जिस तरह इमरान ने खुद को बचाने के लिए सत्ता का दुरुपयोग किया है, अदालत के आदेश के बावजूद संसद से बचने की अंतिम समय तक कोशिश की है, उससे उन्होंने खुद अपने लिए कांटे बिछा लिए हैं।

> “भ्रष्टाचार से खुद बचना और देश को बचाना होगा। अभी पाकिस्तान पर जीडीपी का 43 फीसदी कर्ज है, महंगाई रोके नहीं रुक रही है। पाकिस्तानी होने का गर्व दिन-प्रति-दिन घटता जा रहा है, अतः सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि कट्टरता व आतंकवाद की राह पर यह देश अब न बढ़े, ताकि दुनिया में उसके पासपोर्ट की भी इज्जत बढ़े।

9 अप्रैल का दिन पाकिस्तान के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। जो नेता अपनी मनमानी से पाकिस्तान का स्याह इतिहास लिख रहे थे, उनसे जनता कितनी नाउम्मीद हुई है, यह तो आगामी चुनावों में ही पता चलेगा, लेकिन फिलहाल बचे हुए कार्यकाल के लिए पाकिस्तान में किसी तरह से नई सरकार बनाने की कवायद चल रही है। नई सरकार का सुलूक इमरान खान और उनकी टीम के साथ मनमानी या द्वेष भरा नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण होना चाहिए। इमरान खान चाहते थे कि आगामी चुनाव उनके प्रधानमंत्री रहते हो, लेकिन इसके लिए यथोचित माहौल या बाकी नेताओं का विश्वास जीतने में वह कामयाब नहीं रहे। उन्होंने विरोधी हुए नेताओं को साथ लेने की उदार कोशिशों के बजाय भड़काने का ही काम किया। पाकिस्तान में नेताओं को गहरे घाव देने वाले ऐसे आरोपों से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

लोकतांत्रिक सरकार चलाने के लिए परस्पर बुनियादी विश्वास की जरूरत पड़ती है, इसका अभाव पाकिस्तान में नया नहीं है। क्या इस अविश्वास को अगले प्रधानमंत्री दूर कर पाएंगे? जिन विपक्षी दलों ने एक सरकार को बाहर का रास्ता दिखा दिया है, उन पर अब जिम्मेदारी है कि मिलकर देश को अच्छी सरकार दें। भावी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को बहुमत जुटाने के अलावा सेना को भी विश्वास में लेकर चलने की मजबूरी कदम-कदम पर झेलनी पड़ेगी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अगर चौपट न होती, तो शायद इमरान खान को ऐसे न जाना पड़ता। अब शहबाज शरीफ कह रहे हैं कि पाकिस्तान के मुस्कराने के दिन आ गए हैं, क्या वाकई ऐसा है? सबसे पहले तो उन्हें आर्थिक सुधारों की दिशा में तेजी से बढ़कर दिखाना होगा, ताकि देश को बार-बार दुनिया के सामने हाथ न पसारना पड़े। भ्रष्टाचार से खुद बचना और देश को बचाना होगा। अभी पाकिस्तान पर जीडीपी का 43 फीसदी कर्ज है, महंगाई रोके नहीं रुक रही है। पाकिस्तानी होने का गर्व दिन-प्रति-दिन घटता जा रहा है, अतः सबसे बड़ी चुनौती यह भी है कि कट्टरता व आतंकवाद की राह पर यह देश अब न बढ़े, ताकि दुनिया में उसके पासपोर्ट की भी इज्जत बढ़े।

## यूक्रेनः मोदी पहल क्यों न करें?

संयुक्तराष्ट्र संघ की महासभा ने रूस को अपनी मानव अधिकार परिषद से निकाल बाहर किया है। उसके 193 सदस्यों में से 93 सदस्यों ने रूस के निष्कासन के पक्ष में वोट दिया और 24 ने विरोध में ! 58 सदस्य तटस्थ रहे, जिनमें भारत भी शामिल है। रूस के पहले सिर्फ लीब्या को इस परिषद से निकाला गया था लेकिन लीब्या रूस की तरह सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य नहीं था। रूस का निकाला जाना अपने आप में एतिहासिक घटना है। वैसे मानव अधिकारों के उल्लंघन में अमेरिका और चीन ने भी रिकार्ड कायम किए हैं लेकिन यूक्रेन में जिस तरह का नरसंहार चल रहा है, वैसा द्वितीय महायुद्ध के बाद कहीं देखा नहीं गया। दुनिया के कई देश, खास तौर से अमेरिका से जुड़े हुए उम्मीद कर रहे थे कि भारत कम से कम इस बार तटस्थ नहीं रहेगा। वह रूस के विरुद्ध वोट करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक बड़े अधिकारी ने कल-परसों यह भी कह दिया था कि देखे कि मानव अधिकार परिषद में भारत का वोट किधर पड़ता है। उसे रूस का विरोध करना ही चाहिए। यदि अब वह तटस्थ रहता है तो उसका असर भारत-अमेरीकी संबंध पर जरुर पड़ेगा। भारत ने अन्य दर्जन भर मतदानों की तरह इस मतदान में भी तटस्थता बनाए रखी लेकिन कोई यह नहीं कह सकता कि यूक्रेन के नरसंहार पर उसने आंख मींच रखी है। अंतरराष्ट्रीय मंचों तथा भारतीय संसद में भी भारत सरकार कई बार कह चुकी है कि वह यूक्रेन में युद्ध बिल्कुल नहीं चाहती। वह हिंसा और दबाव के बजाय बातचीत से सारे मामले को शांतिपूर्वक हल करवाना चाहती है। वास्तव में बूचा में हुए नरसंहार की उसने जांच की मांग की है। ऐसी मांग करनेवाला भारत पहला राष्ट्र है। संयुक्तराष्ट्र में भारतीय प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने यूक्रेन में चल रहे रक्तपात पर गहरा दुख भी व्यक्त किया है। असलियत तो यह है कि अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्र यूक्रेन पर शुद्ध जबानी जमा-खर्च कर रहे हैं। उसकी वे खुलकर सुरक्षा का कोई प्रबंध नहीं कर रहे हैं। इसके कारण रूस का क्रोध प्रतिदिन उग्र होता जा रहा है। यदि ये पश्चिमी राष्ट्र यूक्रेन को पानी पर नहीं चढ़ाते तो रूसी आक्रमण की ये नौबत ही क्यों आती? रूस के विरुद्ध इन प्रस्तावों और मतदानों का पूतिन पर क्या असर पड़ रहा है? कुछ नहीं!

-वेद प्रताप वैदिक

> “एशिया के बहुत सारे देश हैं, जो इस समय भारत से ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं। सच तो यह है कि हम जिस स्थिति में हैं, हमें पाकिस्तान और श्रीलंका से अपनी तुलना छोड़ देनी चाहिए। दक्षिण कोरिया और चीन को अगर छोड़ भी दें, तो पिछले दो-तीन दशक में वियतनाम जिस तरह से आगे बढ़ा है, यह उस पर ध्यान केंद्रित करने का समय है। और हां, यह अपने बीच लगातार बढ़ रही उन नफरतों को खत्म करने का समय भी है, जो हमारा रास्ता बदल सकती हैं।

# पड़ोसियों के बीच मिसाल हमारा मुल्क

हरजिंदर,वरिष्ठ पत्रकार

पिछले दो साल सभी के लिए दुर्भाग्यपूर्ण रहे हैं, पूरी दुनिया के लिए। महामारी की मार से अभी भी जूझती दुनिया जब साल 2022 में खड़ी है, तब नजारा हर तरफ अलग दिख रहा है। एक तरफ अर्जेंटीना जैसे देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। वहां मुद्रास्फीति दर 50 फीसदी को पार कर चुकी है। अफ्रीका के कुछ देश भी इसी कतार में खड़े हैं। जबकि ऐसे देश भी हैं, जिन्होंने हालात को काफी हद तक संभाल लिया है। कुछ की अर्थव्यवस्था पुराने सदमों को पीछे छोड़ पटरी पर लौट आई है। महामारी के बाद से किस देश में कैसी स्थितियां हैं, कुछ लोगों ने इसका वर्गीकरण भूगोल के हिसाब से भी करने की कोशिश की है। भूगोल के लिहाज से दुनिया की ऊंच-नीच तय करने के पैमाने अतीत में भी हमेशा ही खारिज हुए हैं, इस बार भी वे बेदम ही दिखते हैं।

इसका सबसे अच्छा उदाहरण है भारतीय उपमहाद्वीप, यानी भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल आदि। ये सभी देश एक ही भूगोल का हिस्सा हैं और अगर पिछले सात-आठ दशक को छोड़ दें, तो ये मोटे तौर पर एक ही इतिहास से निकली सभ्यताएं हैं। बहुत से भेद गिनाए जा सकते हैं, लेकिन इनकी सांस्कृतिक अंतरधाराएं भी एक समान दिखती हैं। लेकिन आज ये देश दो अलग तरह की कहानियां कहते दिख रहे हैं। एक तरफ श्रीलंका है, जहां मुद्रास्फीति महीना भर पहले ही 15 फीसदी पार कर गई थी। वहां बाजारों में या तो हर तरफ महंगाई है या जरूरी चीजों का अभाव। यह सब तब हो रहा है, जब पिछले दो साल में इस द्वीप के सबसे बड़े कारोबार पर्यटन पर ताले लगने के कारण बहुत से लोगों के पास कमाई का कोई जरिया ही नहीं बचा है। भुखमरी के हालात हैं और सरकार कह रही है कि लोग अपना पेट काटकर हालात से निपटने में उसकी मदद करें। लेकिन लोग सड़कों पर उतर आए हैं। लगता है, वे कुछ और नहीं कर सके, तो सरकार को तो निपटा ही देंगे।



पाकिस्तान में तो एक सरकार को निपटा ही दिया गया है। प्याज, टमाटर की महंगाई से शुरू हुए असंतोष ने इमरान खान सरकार की बलि ले ली है। सरकार के गिरने से समस्या का समाधान नहीं होगा, यह सभी जानते हैं। बढ़ती महंगाई के बीच लोगों का सुलगता असंतोष कौन सा गुल खिलाएगा, इसे लेकर पाकिस्तान के असली शासक यानी फौजी हुक्मरान भी परेशान हैं। इसी पाकिस्तान से आधी सदी पहले अलग हुए बांग्लादेश में भी हालात अच्छे नहीं हैं। महामारी ने उसकी अर्थव्यवस्था को भी झझकोरा है, लेकिन इस बीच बांग्लादेश ने एक ऐसे उद्योग को विकसित किया है, जो उसे हालात को काबू करने का निरंतर आत्मविश्वास दे रहा है। दूसरी ओर, पाकिस्तान और श्रीलंका के पास ऐसा कोई आत्मविश्वास नहीं है।

महामारी का सबसे बड़ा झटका भारत को लगा था। लगना भी था, क्योंकि आंधियों में सबसे ज्यादा नुकसान उसी पेड़ को होता है, जिस पर सबसे ज्यादा फल हों। लेकिन जमीन उपजाऊ हो, तो पेड़ को भरोसा रहता है कि अगली बहार फिर से उसकी होगी। जो मुश्किलें आई थीं, भारत अभी भी उससे पूरी तरह नहीं उबर सका है, लेकिन दुनिया में यह कोई नहीं कह रहा कि भारत संकट में है। चाहें तो इसे भी उपलब्धि माना जा सकता है, लेकिन ऐसा न मानने में ही भलाई होगी। पर सोचना होगा, ऐसा क्या है कि एक ही भूगोल और तकरीबन एक ही इतिहास में विकसित हुए चंद देशों में एक ही संकट से इतना बड़ा अंतर आ गया?

कारणों का पुलिंदा बहुत लंबा है, जिनकी शुरुआत तभी हो गई थी, जब ये देश आजाद होकर खुद-मुख्तार हुए थे। तब भारत ने जो रास्ता अपनाया और पाकिस्तान व श्रीलंका ने जो रास्ता अपनाया, वह अलग-अलग था। भारत ने शुरू से ही अपने बीच एक ऐसी मुख्यधारा बनाने की कोशिश की, जो सबको एक साथ जोड़े, सभी धर्मों, जातियों, भाषाओं, समुदायों और क्षेत्रों को। जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका में देश, संविधान और सत्ता ने खुद को मजहब और जातीयता विशेष से जोड़ दिया। वे ऐसे मुल्क बन गए, जो अपनी सारी ऊर्जा विभाजनकारी नफरत से ही हासिल करते रहे। जबकि भारत अपने ऊर्जा स्रोत की तलाश में लगातार अपनी इमारत रचता रहा। इस बीच उसने समाजवाद और पूंजीवाद के ढेर सारे प्रयोग भी किए।

आज से तीन दशक पहले शुरू हुए आर्थिक उदारीकरण के दौर में जब भारत बदलती दुनिया के बीच खुद को नए तरह से अपने पैरों पर खड़ा करने की कोशिश कर रहा था, तब पाकिस्तान और श्रीलंका को इसकी कोई जरूरत नहीं महसूस हो रही थी। वे तब भी राजनीति और अर्थनीति के अपने पुराने मुहावरे पर ही कायम थे। हालांकि, बांग्लादेश ने जरूर इसे समझा और जल्द ही वह न सिर्फ अपने पांवों पर खड़ा हुआ, बल्कि इन दोनों देशों से आगे निकल गया।

पाकिस्तान और श्रीलंका की सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि उन्हें अपने पांवों पर खड़े रहने की आदत कभी नहीं रही। जिन्हें अपने पैरों पर भरोसा होता है, वे किसी ठोकर के बाद लड़खड़ाएं भले ही, लेकिन फिर वे आगे बढ़ जाते हैं। लेकिन जिन पैरों ने खुद अपनी ताकत से चलना सीखा ही न हो, ठोकरें उन्हें सीधे मुंह के बल ही गिराती हैं। महामारी की ठोकर के बाद श्रीलंका को तो अहसास होने लगा है कि चीन की जिस आर्थिक मदद को उसने अपना संबल मान लिया था, वही अब उसकी दुर्गति का एक बड़ा कारण बन रही है। पाकिस्तान तो खैर अभी भी यह स्वीकार करने की हालत में नहीं है।

निःसंदेह इस भूगोल में भारत बेहतर स्थिति में है, लेकिन नक्शे पर हम थोड़ा जूम आउट करें, तो स्थिति ऐसी नहीं दिखती। एशिया के बहुत सारे देश हैं, जो इस समय भारत से ज्यादा बेहतर स्थिति में हैं। सच तो यह है कि हम जिस स्थिति में हैं, हमें पाकिस्तान और श्रीलंका से अपनी तुलना छोड़ देनी चाहिए। दक्षिण कोरिया और चीन को अगर छोड़ भी दें, तो पिछले दो-तीन दशक में वियतनाम जिस तरह से आगे बढ़ा है, यह उस पर ध्यान केंद्रित करने का समय है। और हां, यह अपने बीच लगातार बढ़ रही उन नफरतों को खत्म करने का समय भी है, जो हमारा रास्ता बदल सकती हैं।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जंग से इंसानियत का दामन कब तक होगा छलनी

शेखर चंद्र जोशी,प्रोफेसर एवं कलाकार

युद्ध आखिर कब तक चलेंगे-रुकेंगे? इससे पहले कोरोना महामारी फैली। वाह रे मानव! हम जंगली ही अच्छे थे, जब मैं कहता हूं, तो आप कह सकते हैं कि यह कैसा जंगली है, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के इस समय में भी जंगल की बात करता है। विकास के इस दौर में कुछ देर के लिए कंप्यूटर आदि पर इंटरनेट के माध्यम से चल रही प्रणाली- रेलवे, हवाई सेवा और मुद्रा बाजार आदि ठप हो जाएं, तो सब कुछ धरा का धरा रह जाता है।

युद्ध मानव के अहं-विध्वंस और विजय की कहानी के साथ-साथ अनगिनत निर्दोष मानवों की विविध आकांक्षाओं को सदा-सदा के लिए दफ्न कर जाने वाली दास्तान भी हैं। विल्हेम हेनरिक ओटो डिक्स एक ख्यात जर्मन चित्रकार और प्रिंट मेकर थे। प्रथम विश्व युद्ध के रणक्षेत्र में भयंकर मानव संहार को उन्होंने अपनी आंखों से देखा था, जिससे उनकी कल्पना शक्ति आजीवन आहत रही; उनको सब जगह दुख, आतंक और विनाश ही दिखाई देता था। (तब कैमरे भी न थे) आज तो सब कुछ सैटेलाइट द्वारा आसानी से देखा जा सकता है, और दिखाया भी जा रहा है। तब उन्होंने मृत शरीरों, कंकालों और खून-कीचड़ से लथपथ रणक्षेत्र की खाइयों की 'एंग्रेविन्ज' को युद्ध (1924) शीर्षक से पुस्तक रूप में प्रकाशित कराया था।



युद्ध के विनाशकारी तत्वों को समाज के सम्मुख रखकर उसकी भर्त्सना में पिकासो द्वारा सन 1937 में बनाया गया गुएर्निका एक प्रतीकात्मक चित्र है। अपने चित्र के संबंध में पिकासो बताते थे कि इसमें बैल का चित्रण तानाशाही के प्रतीक के रूप में किया गया है, बल्कि वह पाशविक अत्याचार व अन्याय का प्रतीक है। घोड़ा जनता का प्रतीक है। इसी समय साल्वाडोर डाली ने 'गृह युद्ध की पूर्व सूचना' (1936) व 'जलता हुआ जिराफ' (1935) में यर्थाथ के पीछे छिपे घृणास्पद सत्य-सृष्टि का खून, हत्या व सड़न को चित्रित करके युद्धों की भयानकता का प्रत्यक्ष दर्शन कराने की कोशिश की थी। इस क्रम में रूसो का चित्र युद्ध भी रखा जाता है।

प्रथम विश्व युद्ध 1914 से 1918 तक और द्वितीय विश्व युद्ध 1939 से 1945 तक चला। आंकड़े बताते हैं कि इन महायुद्धों में सैनिकों और नागरिकों सहित संसार भर में लगभग 10 करोड़ लोगों की मृत्यु हुई और साढ़े चार करोड़ से अधिक लोग जख्मी हुए। कई लाख लोग लापता भी हुए। ईरान-इराक युद्ध 1980 से 1988 तक चला। वियतनाम युद्ध बहुत लंबा लगभग 20 वर्षों तक चला। सबसे लंबा 44 वर्षों तक चलने वाला शीत युद्ध (कोल्ड वार) तो संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ व उनके सहयोगियों, पश्चिमी ब्लॉक और पूर्वी ब्लॉक के बीच भू-राजनीतिक तनाव की एक ऐसी अवधि थी, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शुरू हुई थी। इन युद्धों के परिणामस्वरूप ही पोलैंड, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि अलग-अलग देश बने। कोरिया भी उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया के रूप में तीन साल 1950 से 1953 तक हुए युद्ध के उपरांत पृथक हुए।

हम भूल नहीं सकते कि अमेरिका ने क्रमशः 6 और 9 अगस्त, 1945 को कैसे जापानी शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर दो परमाणु हमला किया था, जिनमें लगभग चार लाख लोग मारे गए थे। इनमें अधिकांश नागरिक थे। परमाणु बम गिराया जाना विधि के विरुद्ध है, यह न्यायालय भी मानता था। वह यह भी साफ-साफ कहता है कि युद्ध में नागरिकों को आवश्यकता से अधिक कष्ट नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। युद्ध में जहर और गैस के प्रयोग को वर्जित किया जाना चाहिए, क्योंकि ये परमाणु बम से अधिक कष्टकारी हैं, इसलिए इन सबका पूर्ण रूप से प्रतिबंधित होना आवश्यक है।

युद्ध आमने-सामने होता है, जैसा कि प्राचीन जमाने में होता था। इसके भीतर दया, धर्म तथा वीरता का भाव परिलक्षित होता था। युद्ध के भीतर या दौरान अमानवीय कृत्य कतई क्षमा के योग्य नहीं हैं। इसे वीभत्स नहीं बनाया जाना चाहिए। युद्ध में असैन्य क्षेत्रों पर आक्रमण से भी बचना चाहिए। युद्धबंदियों के साथ और युद्ध क्षेत्र से शरण के लिए भाग रहे लोगों के उत्पीड़न से बचना चाहिए।

सवाल यह भी है कि युद्ध में युद्ध की खातिर आखिर सैनिक भी क्यों कर मारे जाएं? उन्हें जोश दिलाकर, उनकी मौत पर बिगुल बजाकर और राष्ट्रीय ध्वज ओढ़ाकर हम क्या संदेश देना चाहते हैं, जबकि देश के बेगुनहगार अन्य नागरिक भी इन युद्धों में बेमौत मरते हैं। युद्ध के निवारण के लिए मध्यस्थता और बातचीत का रास्ता ही सदा होना चाहिए, जिसके लिए अब लोग भारत की ओर मुंह ताक रहे हैं। युद्ध सदा के लिए रुकने चाहिए। मानव, प्रकृति और समाज के विनाश को रोकना आज अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# गडकरी अकेली संभावना!

हरिशंकर व्यास

संघ परिवार, भाजपा और हिंदू भारत के बरबाद भविष्य पर एक नेता से फुलस्टॉप संभव है। इस शख्स का नाम है नितिन गडकरी। मुझे गडकरी से मिले, उनके साथ गपशप किए सालों हो गए हैं। मैंने गडकरी को दूर से अधिक ऑब्जर्व किया है। बावजूद इसके मेरी धारणा तब-तब हमेशा सही साबित हुई जब सुना कि उन्होंने नोटबंदी को घातक बताया। वे नरेंद्र मोदी और अफसरों की परवाह नहीं करते। उन्हें काम चाहिए। वे संघ की जरूरतों का पेट भरते हैं न कि अपना। वे कैबिनेट में बोलते हैं और सत्तावान हिंदुओं, दरबारियों की भीड़ में अकेले मर्द हैं। वे नसीहत देते हैं कि कांग्रेस और विरोधी भी भारत के हिंदू हैं। बिना विपक्ष के भारत और लोकतंत्र जिंदा नहीं रहेगा, भारत का भविष्य नहीं बनेगा। किसी नेता की सफलता चुनावी जीत से, अपनी पूजा करवाने से नहीं, बल्कि देश को बनाने से बनती है। और हिम्मत हो तो निकाल बाहर करें। पिछले दिनों जब कांग्रेस के नेताओं को उन्होंने यह नसीहत दी की जीत-हार होती रहती है मगर अपनी पार्टी में रहो। पार्टी को बनाओ क्योंकि लोकतंत्र और देश की जरूरत में एक राष्ट्रीय विकल्प होना चाहिए तो सचमुच मन में इच्छा हुई कि गडकरी से मिल कर उनको उनकी समझ के लिए गुलदस्ता दिया जाए!

लेकिन कोरोना काल से मिजाज क्षेत्र संन्यास सा बना हुआ है। दूसरे, मुझे दिखता हुआ है कि हिंदुओं की नियति वहीं है जो इतिहास है। इसलिए इतिहास की दृष्टि में रमो न कि रोजमर्रा के प्रायोजित नैरेटिव में। तभी इस चर्चा पर खोजी कौतुक नहीं बना कि किसी कैबिनेट मंत्री ने नागपुर के एक अखबार के खबरनवीसों के साथ बैठकर बताया कि उसके साथ 250 सांसद हैं। मगर वह क्योंकि स्वंयसेवक है, अनुशासित है इसलिए मर्यादित है। मगर वह कैबिनेट में बोलते हैं। प्रधानमंत्री को ईडी और सीबीआई आदि एजेंसियों के दुरूपयोग पर चेताया है। इस पर नरेंद्र मोदी ने ज्ञान दिया कि वे इसी तरह के उपयोग से गुजरात में सफल हुए और उस राज कर नाम हुआ और वे तो प्रधानमंत्री बन गए। हिंदुओं पर राज का यह गुरूमंत्र दरअसर हिंदुओं का सत्व-तत्व है। तभी वे 12 सौ साल गुलाम रहे और दासता का वैसा ही जीवन जीया जैसा आधुनिक काल में भी ईडी, सीबीआई जैसे डंडों, पूजा, भय, भयाकुलता से नरेंद्र मोदी पूजनीय अवतार हैं। उस नाते नरेंद्र मोदी का ज्ञान, आत्मज्ञान और आत्ममुग्धता भगवानजी को पछाड़ने वाला है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239
























commerceguru.in
Worry for XII Board exams?? Join Commerce Guru
COMMERCE GURU
17, Gourav path, Sunder nagar, Bhilai 9644454810

श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### गोठान में मल्चिंग विधि से खेती कर उपजाया बम्पर टमाटर



**अम्बिकापुर।** जिले के गोठानों में महिलाओं के द्वारा खेती की मल्चिंग विधि अपनाकर अधिक पैदावार ले रही है। लखनपुर विकासखण्ड के पुहपुटरा और बतौली के मंगारी गोठान में भी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने मल्चिंग विधि से टमाटर की खेती की है। इस विधि से खेती करने पर पौधे स्वस्थ रहने में साथ विकास भी तेजी से हुआ जिससे अब टमाटर के पौधे फलों से लदे है। टमाटर की बम्पर पैदावार होने से महिलाएं उत्साहित हैं। गोठान से प्रतिदिन 20 से 25 किलो टमाटर निकल रही है जिसे स्थानीय बाजार में बेच रही है। इसी प्रकार लखनपुर जनपद के कुंवरपुर गोठान में समहू की महिलाओं ने मल्चिंग विधि से मिर्च की खेती शुरू की है। पौधे बहुत तेजी से विकसित हो रहे है जिससे गोठान में हरियाली छाई है। करीब एक माह में फल आने शुरू हो जाएंगे जिसे बेचकर महिलाएं अच्छी आमदनी प्राप्त कर सकेंगी। जिले के सभी गोठानो मे पानी की व्यवस्था होने से महिलाएं कई मौसमी सब्जियों और फलों की खेती कर रही है। वहीं रीपा के तहत स्थापित औद्योगिक इकाइयों से आलूचिप्स, सरसों तेल, ह्यूमिक एसिड, लड्डू आदि का उत्पादन कर रही है। कलेक्टर श्री संजीव कुमार झा के मार्गदर्शन में जिले के गोठानों के मल्टीएक्टिविटी केंद्र में रूप में विकसित की जा रही है ताकि पूरे साल भर आजीविका गतिविधयां चलती रहे और महिलाओं को रोजगार उपलब्ध होता रहे।

### शिवरीनारायण में 238 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# भगवान राम सहित हमारे महापुरुषों ने देश को जोड़ने का किया काम : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हमारे महापुरूषों ने समाज के सभी वर्गों को जोड़ने का काम किया है। यही हमारा, पूरे हिन्दुस्तान का रास्ता है। यही रास्ता हमें शांति की ओर ले जाएगा। कहा कि 'राम-काज किन्हें बिना, मोहे कहां विश्राम' की भावना के साथ हमें समाज को जोड़ने का कार्य करना है।



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रामनवमी के अवसर पर महानदी, शिवनाथ और जोंक नदियों के संगम पर स्थित छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवरीनारायण में राम वनगमन पर्यटन परिपथ के तहत कराए गए प्रथम चरण के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण तथा विकास कार्यों का लोकार्पण करने के बाद तीन दिवसीय भव्य समारोह के समापन के अवसर पर आम जनता को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण भगवान राम, प्रभु जगन्नाथ और माता शबरी की नगरी है। उन्होंने प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिवरीनारायण में एसडीएम कार्यालय खोलने, खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर और शबरी मंदिर को विकसित करने की घोषणा की। उन्होंने शिवरीनारायण में 238 करोड़ रूपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकर्पण और भूमिपूजन किया। इनमें लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन के कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रेता युग में भगवान राम ने भारत को जोड़ने का काम किया अयोध्या से लेकर श्रीलंका तक, द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण ने मथुरा से लेकर द्वारिका तक, शंकराचार्य जी ने दक्षिण से लेकर उत्तर तक, स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत को जोड़ने का काम किया है। जितने भी हमारे महापुरुष हुए उन्होंने समाज को जोड़ने का काम किया है विभिन्न वर्गों को एक सूत्र में बांधने का काम किया।

उन्होंने कहा कि लेकिन आज भगवान राम को युद्धक राम और भगवान हनुमान को क्रोधित हनुमान के रूप में दिखाया जा रहा है, क्या हमारे भगवान ऐसे थे। मुख्यमंत्री ने रामायण मंडलियों के साथियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप भी भगवान राम के रास्ते पर चलिए समाज को जोड़ने का काम करें, तोड़ने का नहीं। सभी को जोड़ने का काम हमारी मूल संस्कृति है, आज इसी दिशा में काम करने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे विकास की अवधारणा के केन्द्र में व्यक्ति का विकास है। उन्होंने कहा कि सभी को पोषण, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार और समानता के अवसर दिलाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से हमारे अन्नदाता किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना का लाभ मिल रहा है। 66 लाख परिवारों को 35 किलो चावल दिया जा रहा है। 40 लाख परिवारों को हाफबिजली बिल योजना का लाभ मिल रहा है। 13 लाख से अधिक वनवासियों को लघु वनोपज खरीदी और तेन्दूपत्ता संग्रहण का लाभ मिल रहा है। दो लाख से अधिक लोग गोबर बेचकर आय अर्जित कर रहे हैं। साढ़े तीन लाख भूमिहीन कृषि मजदूरों को सालना 7000 रूपए की आर्थिक मदद देने के लिए योजना प्रारंभ की गई है। पिछले तीन वर्षों से राज्य सरकार ने 91 हजार करोड़ रूपए की राशि सीधे किसानों, आदिवासियों, महिलाओं, मजदूरों की जेब में डालने का काम किया है। यही गांधी जी का राम राज्य है। जिसमें सभी सुखी हो, समृद्ध हो, सभी में समानता और भाईचारे की भावना हो। मुख्यमंत्री ने लोगों से आव्हान किया है कि वे शासन की योजनाओं को अपनी योजना समझे और इसमें भागीदार बने, तभी योजनाएं सफल होंगी। श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ संभवत: पहला राज्य है जहां शासन के सहयोग से रामायण मंडलियों की मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन नि:स्वार्थ भाव से किया गया। रामचरित्र मानस का पाठ छत्तीसगढ़ की संस्कृति है। उन्होंने कहा कि शिवरीनारायण प्राचीन काल से ही छत्तीसगढ़ का धार्मिक, आध्यात्मिक और व्यापारिक केंद्र रहा है। छत्तीसगढ़ में नवरात्रि का विशेष महत्व है गांव-गांव में शीतला माता की पूजा होती है।

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नदी के संगम पर आरती कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की



श्रीकंचनपथ न्यूज

### सामूहिक मन्त्रोच्चारण से वहां उपस्थित जनसमुदाय हुआ भावविभोर

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिवरीनारायण में महानदी, शिवनाथ एवं जोंक नदी के संगम पर आरती कर प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की। संगीतमय माहौल में महानदी की आरती के अवसर पर भव्य दृश्य देखने को मिला । आरती के समय सामूहिक मन्त्रोच्चारण से वहां उपस्थित जनसमुदाय भावविभोर हो उठा ।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ मंत्री द्वय श्री ताम्रध्वज साहू , डॉ शिव कुमार डहरिया, राज्य गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास, नागरिकों ने भी आरती की ।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर बाबा घाट पर स्थित माता शबरी की प्रतिमा का अनावरण किया । मुख्यमंत्री ने 238 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन, शिलान्यास भी किया । मुख्यमंत्री ने 50 कुम्हार परिवारों( हितग्राहियों) को नि:शुल्क इलेक्ट्रॉनिक चाक वितरण किया ।

### भावी पीढ़ी को रामायण काल की जानकारी देगा रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर

# रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण 90 लाख की लागत से तैयार किया गया है सेंटर

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ में विकसित किए जा रहे राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत जांजगीर-चांपा जिले के शिवरीनारायण में आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर का लोकार्पण किया। रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर में रामायण कालीन घटनाओं और वनवास काल के दौरान श्री राम के द्वारा पैदल तय किए गए स्थानों के बारे में पेंटिंग्स के जरिए चित्रित जानकारी उपलब्ध कराई गई है7 इन पेंटिंग्स के जरिए आने वाली भावी पीढ़ी को रामायण कालीन घटनाओं की जानकारी मिल सकेगी तथा लोग शिवरीनारायण की ऐतिहासिकता को भी अच्छी तरह से समझ सकेंगे।



90 लाख रुपए की लागत से निर्मित रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर का कुल क्षेत्रफल 6000 स्क्वायर फीट है। इसे 40 बाई 50 फीट के दो हॉल में बांटा गया है। एक हॉल में रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर के साथ ही पर्यटन सूचना केंद्र स्थापित ह। रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर के साथ ही इसी भवन में एक 40 बाई 50 स्क्वायर फीट का कैफ्टेरिया बनाया गया है ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को यहां पर बेहतर गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध हो सके। रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर और पर्यटन सूचना केंद्र से छत्तीसगढ़ में किसी भी पर्यटन स्थल पर घूमने के लिए पर्यटक अपनी बुकिंग करा सकते हैं तथा छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों की जानकारी भी हासिल कर सकते हैं । रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर के बाहर ही माता शबरी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है, जिसमें वह भगवान राम को अपने जूठे बेर खिलाती हुई नजर आ रही हैं भगवान राम के साथ उनके भाई लक्ष्मण की भी मूर्ति स्थापित की गई है राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत शिवरीनारायण में स्थापित रामायण इंटरप्रिटेशन सेंटर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगा तथा इसके माध्यम से छत्तीसगढ़ में राम वन गमन परिपथ को भी बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर राज्य के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, राज्य गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास, जांजगीर लोकसभा क्षेत्र से सांसद श्री गुहाराम अजगले, समेत अन्य विशिष्ट अतिथि भी मौजूद थे।

### भजन सम्राट अनूप जलोटा के भजनों पर झूमे श्रोता

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल शिवरीनारायण में रामनवमी पर्व के मौके पर भजन सम्राट अनूप जलोटा ने अपने चिर परिचित अंदाज में एक से बढ़कर एक सुप्रसिद्ध भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। श्री जलोटा की प्रस्तुति के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूरी तरह से डूबे हुए नजर आए. इस दौरान मुख्यमंत्री खुद को रोक नहीं पाए और मानस गायन विजेता दल के साथ खुद भी खंजरी वाद्ययंत्र लेकर संगत में बैठ गए. इसके बाद मुख्यमंत्री मंच से नीचे उतरे और भजन गायक पद्मश्री अनूप जलोटा के भक्ति से परिपूर्ण गीतों का लुत्फ उठाया. अनूप जलोटा ने ऐसी लागी लगन, राम नाम की लूट है ..भजन गाकर पूरे माहौल को पूरी तरह से भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत डॉ रामसुंदर दास समेत विशिष्ट जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना 200 जोड़े बंधे विवाह बंधन में

श्रीकंचनपथ न्यूज

महासमुंद। कन्या का विवाह एक पवित्र संयोग मन कहा जाता है। आज रामनवमी के शुभ दिन महासमुंद के संजय कानन उद्यान में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं महासमुंद विधायक श्री विनोद चंद्राकर, कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर ने नव विवाहित जोड़े को आशीर्वाद प्रदान किया।

साथ ही सुखी दाम्पत्य जीवन की शुभकामना भी दी और उपहार भेंट किए। महिला एवं बाल विकास विभाग के ज़िला कार्यक्रम अधिकारी श्री समीर पाण्डे ने बताया कि आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़े विवाह बंधन में बंधे।

संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि विवाह जीवन का एक पवित्र बंधन है। पति-पत्नी का संबंध दुनिया का सबसे विश्वसनीय संबंध होता है। सुख-दुख में वे हमेशा एक-दूसरे का कंधे से कंधा मिलाकर साथ निभाते है। चाहे वे सामाजिक दायित्व का मामला हो या पारिवारिक मसला वे हर परिस्थिति में खरे उतरते हैं। उन्होंने कहा कि निर्धन कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना वरदान है। इस योजना के माध्यम से फिजुल खर्च एवं दहेज प्रथा जैसे कुरीतियों को समाप्त करने का एक अच्छा माध्यम है। अब ऐसे कन्याओं के माता-पिता को आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ रहा है। उन्होंने नवदम्पतियों को सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला प्रशासन एवं महिला बाल विकास विभाग की टीम को भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

श्री चंद्राकर ने कहा कि शादी सामाजिक जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह वर-वधु का नहीं बल्कि दो दिलों का मिलन और दो परिवारों का एक होना भी है। समाज में हम सब की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, चाहे वो सामाजिक, संस्कृति, आर्थिक किसी भी क्षेत्र में हो। हम सबको मिलजुल कर अपने दायित्वों का निर्वहन करना होता है। राज्य सरकार ने जनता की बेहतरी के लिए कई बेहतर योजनाएं बनाई है। जिनमें से मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना भी एक है, जिसका फायदा राज्य के हर वर्ग के गरीब व्यक्ति को मिल रहा है।

जिला प्रशासन की ओर से कलेक्टर श्री निलेश कुमार क्षीरसागर ने वर-वधुओं को अपने गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती अनिता रावटे, महिला नागरिक सहकारी बैंक महासमुंद की अध्यक्ष श्रीमती अरूणा शुक्ला, जनपद पंचायत महासमुंद की उपाध्यक्ष श्रीमती त्रिलोकी राधेश्याम सहित संगठन पदाधिकारी श्रीमती रश्मि चंद्राकर, श्रीमती राशि महिलांग, श्रीमती अन्नू चंद्राकर उपस्थित थे।

S S MOBILE & ACCESORIES
सबसे कम दाम मे यहां मिलेगा
पुराना दो नया ले जाओ
रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के रिजार्च किये जाते है
0% फाईनेंस ऑल प्रोडक्ट्स
ALL BRANDES MOBILE AVAILABLE
9302390023, 9827817809
Apposite Street no.-2, Kasaridih,Durg

MENS Clothing
A COMPLETE MEN'S FASHION STORE
Shahrukh Quraishy
8818880051
Infront Of National Steel, Maharaja Chowk, Durg (C.G.) 491001
E-mail.:- shahrukhquraishy786@gmail.com

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

Jeans, Trousers, Shirts, T-shirts, Top, Legis, Suits & All Types of Mens & Ledies Wears
Rock Star
Girls & Mens Wear
Kishan Ahuja
9300628876
Maharja Chowk, opp. Oriental Bank, Borsi,Road, Durg (C.G.)

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI th XII th B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

## खास खबर

### रायपुर एम्स देश का 33वां श्रेष्ठ चिकित्सा संस्थान

**रायपुर ( ए )।** अमेरिका की प्रतिष्ठित न्यूज मैग्जीन और वेबसाइट न्यूजवीक ने भारत के 100 श्रेष्ठ अस्पतालों में दिल्ली एम्स को पहला और एम्स रायपुर को 33 वां स्थान प्रदान किया है। कोविड-19 महामारी के समय भी अन्य बीमारियों के रोगियों को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं दिलाने के लिए एम्स रायपुर को यह स्थान मिला है। इसमें देश के सरकारी और निजी दोनों चिकित्सा संस्थानों को शामिल किया गया था। एम्स रायपुर को 69.70 प्रतिशत स्कोर के साथ यह स्थान प्रदान किया गया जबकि एम्स दिल्ली ने 87.80 प्रतिशत स्कोर प्राप्त किया।

न्यूजवीक मैग्जीन द्वारा दुनियाभर के 27 विकसित और विकासशील देशों में यह सर्वे आयोजित किया गया था। इसमें अमेरिका, जर्मनी, जापान, दक्षिण कोरिया, फ्रांस, इटली और इंग्लैंड भी शामिल थे। सभी देशों के चिकित्सा और शोध संस्थानों को आनलाइन सर्वे, रोगियों के फीडबैक और मेडिकल की परफार्मेंस इंडिकेटर्स के आधार पर चयनित किया गया। इस प्रक्रिया में उक्त देशों के 2,200 से अधिक प्रमुख चिकित्सा और शोध संस्थानों ने भाग लिया। हाल ही में जारी की गई चतुर्थ वार्षिक रैंकिंग में भारत के 100 प्रमुख अस्पतालों में पीजीआई चंडीगढ़, जिपमर पुडूचेरी, दिल्ली का सफदरजंग अस्पताल सहित कई प्रमुख सरकारी चिकित्सा संस्थानों को एम्स रायपुर से पहले स्थान प्राप्त हुआ है। नए एम्स में सिर्फ रायपुर को ही प्रथम 50 में स्थान प्राप्त हुआ है। मैग्जीन के विशेषज्ञों ने इन सभी चिकित्सा संस्थानों को कोविड-19 महामारी के बाद भी रोगियों को गुणवत्तापूर्ण अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इन सभी संस्थानों के योगदान की सराहना की है। मैग्जीन का कहना है कि गुणवत्ता के लिहाज से इन संस्थानों की सेवाएं अन्य संस्थानों के लिए नए प्रतिमान स्थापित कर रही हैं।

निदेशक प्रो. (डा.) नितिन एम. नागरकर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए एम्स परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी है। उन्होंने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रदान की जाने वाली इस रैंकिंग से एम्स, रायपुर की गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को विस्तार देने के लिए प्रोत्साहन मिला है। उन्होंने रोगियों को श्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शोध को और विस्तार देने पर बल दिया है।

### 18 वर्ष से अधिक को शुल्क देकर सतर्कता डोज की अनुमति, बैठक कर निजी अस्पतालों से मांगेंगे सुझाव

**रायपुर ( ए )।** केंद्र सरकार ने 10 अप्रैल से 18 से अधिक उम्र वाले को निजी तौर पर कोरोना का सतर्कता टीका लगाने की अनुमति दी है। लेकिन, प्रदेश में सतर्कता टीके की शुरुआत रविवार से नहीं होगी। छत्तीसगढ़ राज्य टीकाकरण अधिकारी डाक्टर वीआर भगत ने बताया कि केंद्र सरकार ने 18 से अधिक आयु के लोगों को सतर्कता टीका लगवाने की अनुमति दी है। इन्हें प्राइवेट अस्पतालों में तय शुल्क देकर टीका लगवाना पड़ेगा। लेकिन, वर्तमान में राजधानी में किसी भी अस्पताल में निजी स्तर पर कोरोना टीका नहीं लगाया जा रहा है। प्रदेश के कुछ अस्पतालों में टीकाकरण प्रक्रिया चल रही है। स्थिति साफ ना होने की वजह से यह व्यवस्था राज्य में लागू नहीं हो पाई है। सोमवार को निजी अस्पताल प्रबंधनों के साथ बैठक करेंगे। इसमें टीकाकरण के संबंध में इच्छुक संस्थानों से जानकारी लिया जाएगा। अस्पताल निजी तौर पर टीके सीधे कंपनी से खरीद सकते हैं। प्राइवेट अस्पतालों में शासन द्वारा तय दर पर ही टीका लगाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य में 15 से अधिक आयु वर्ग के टीकाकरण में राष्ट्रीय औसत से अधिक टीकाकरण हो रहा है। टीकाकरण के राज्य नोडल अधिकारी डा. वीआर भगत ने बताया कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रदेश में 15 वर्ष से अधिक आयु के 99 प्रतिशत लोगों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका और 83 प्रतिशत लोगों को कोरोना वैक्सीन के दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के टीकाकरण का औसत राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

# हर युग हर काल में छत्तीसगढ़ का रहा है महत्वपूर्ण योगदानः भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री ने रामनवमी पर रायपुर के ऐतिहासिक दूधाधरी मठ में मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम-माता जानकी की पूजा-अर्चना की

प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

श्रीकंचनपथ न्यूज





**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रामनवमी के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित दूधाधारी मठ पहुंचकर वहां मंदिर प्रांगण में स्थित श्री राम पंचायतन मंदिर, संकट मोचन भगवान हनुमान, भगवान बालाजी के मंदिरों में मंत्रोच्चार, शंख ध्वनि के बीच विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मन्दिर प्रांगण स्थित श्री राम पंचायतन मंदिर में भगवान राम, माता सीता और अपने तीनों भाइयों के साथ विराजे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने दूधाधारी मठ स्थित संकट मोचन हनुमान जी, बालाजी भगवान और श्री राम पंचायतन मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और माता जानकी की पूजा-अर्चना की। उन्होंने महंत राजेश्री श्री बलभद्र दास जी की समाधि के भी दर्शन किए। इस अवसर पर गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिव कुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत राजेश्री डॉ. रामसुंदर दास, छत्तीसगढ़ राज्य अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण और श्रद्धालु उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के दूधाधारी मठ पहुंचने पर महंत राजेश्री रामसुंदर दास, मठ के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया ।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर युग, हर काल में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। त्रेता युग से लेकर आधुनिक काल तक छत्तीसगढ़ का गौरवशाली योगदान और इतिहास रहा है, जरूरत इसे सहेजने, संवारने और देश-दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की है। उन्होंने कहा कि भगवान राम ने अपने वनवास काल का सबसे अधिक समय छत्तीसगढ़ में बिताया था, इसलिए भगवान राम छत्तीसगढ़ में जहां-जहां से गुजरे थे, प्रथम चरण में उनमें से महत्वपूर्ण स्थलों का चयन कर उनका विकास राम वन गमन पर्यटन परिपथ के अंतर्गत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते वर्ष हमने चंदखुरी में कौशल्या माता मंदिर के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का तथा पर्यटकों के लिए विकसित की गई सुविधाओं का भव्य कार्यक्रम में लोकार्पण किया था। आज रामनवमी के अवसर पर छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थ शिवरीनारायण में इस पर्यटन परिपथ के तहत मंदिर के जीर्णोद्धार और विकास कार्यों, पर्यटकों के लिए विकसित सुविधाओं, का लोकार्पण किया जा रहा है। आने वाले समय में अन्य स्थलों को भी विकसित किया जाएगा। श्री बघेल ने कहा कि त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम छत्तीसगढ़ आए थे। बौद्ध काल का सबसे बड़ा स्मारक छत्तीसगढ़ के सिरपुर में है, जिसे भी विकसित किया जा रहा है। देश के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी हमारे यहां शहीद गुंडाधुर, अमर शहीद गेंदसिंह, अमर शहीद वीर नारायण सिंह जैसे सेनानी सन 1857 के पहले हुए, जिनकी शौर्य गाथा हमें गौरवान्वित करती है। उन्होंने कहा कि चाहे लेखन का या साहित्य का क्षेत्र हो छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली कहानी और पहले उपन्यास की रचना की गई। छत्तीसगढ़ के योगदान को आज देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की जरूरत है।

# छत्तीसगढ़ में हड़ताली वन कर्मचारियों पर अब एस्मा लगाने की तैयारी, पिछले 20 दिनों से हैं हड़ताल पर

**रायपुर (ए)।** प्रदेश में वन विभाग के कर्मचारी पिछले 20 दिनों से हड़ताल पर हैं। इससे जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई हैं। वन्यजीवों से लेकर वनस्पतियों को भी इससे काफी नुकसान पहुंच रहा है। इसलिए वन विभाग अब कर्मचारियों पर एस्मा लगाने की तैयारी कर रहा है। वन विभाग हड़ताल समाप्त करने के लिए सोमवार को अरण्य भवन से नोटिस जारी कर दो दिन का समय देगा। उसके बाद भी यदि वन कर्मचारियों की हड़ताल खत्म नहीं हुई तो एस्मा लगा दिया जाएगा।



बता दें कि प्रदेश भर के करीब दस हजार वन कर्मचारी अपनी 12 सूत्री मांगों को लेकर 21 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेश भर के कर्मचारी अपने-अपने जिला मुख्यालय में धरना दे रहे हैं, जबकि वन कर्मचारियों की सात मांग पूरा हो चुकी है। बाकी मांगों के लिए सहमति बन गई है, लेकिन उसके लिए कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद ही मंजूर होगी, लेकिन हड़ताल पर गए कर्मचारी मांग पूरी करने के लिए विभाग से लिखित में आदेश की मांग कर रहे हैं। लिखित में आदेश न मिलने के कारण उनकी हड़ताल जारी है।

### जानिए क्या है एस्मा

आवश्यक सेवा अनुरक्षण कानून (एस्मा) हड़ताल को रोकने के लिए लगाया जाता है। विदित हो कि एस्मा लागू करने से पहले इससे प्रभावित होने वाले कर्मचारियों को किसी समाचार पत्र या अन्य दूसरे माध्यम से सूचित किया जाता है। एस्मा अधिकतम छह महीने के लिए लगाया जा सकता है और इसके लागू होने के बाद अगर कोई कर्मचारी हड़ताल पर जाता है तो वह अवैध और दंडनीय है।

छत्तीसगढ़ के प्रधान मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने कहा, कर्मचारियों को हड़ताल खत्म करने के लिए नोटिस जारी कर दो दिन का समय दिया जाएगा। यदि उसके बाद भी हड़ताल खत्म नहीं होती है तो एस्मा लगाने के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

### क्या है मांग

- पदनाम के साथ ही वनरक्षक का वेतनमान वर्ष 2003 से 3,050 किया जाए।
- वनरक्षक, वनपाल का वेतनमान मांग अनुसार किया जाए।
- पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए।
- छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पश्चात नाय सेटअफ पुनरीक्षण किया जाए।
- महाराष्ट्र सरकार की तरह 5,000 रुपये, पौष्टिक आहार और वर्दी भत्ता दिया जाए।
- पदनाम वर्दी के लिए संबंधित नाम अन्य पहचान निर्धारण आदेश जारी किया जाए।
- वनोपज संघ के कार्य के लिए एक माह का अतिरिक्त वेतन दिया जाए।
- काष्ठ वनोपज प्रदाय से कमी मात्रा की वसूली निरस्त किया जाए।
- विभागीय पर्यटन स्थल में वन कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्ति वन कर्मचारियों को निश्शुल्क प्रवेश दिया जाए।
- वनपाल प्रशिक्षण अवधि 45 दिन किया जाए। वनपाल प्रशिक्षण केंद्र कोनी (बिलासपुर) प्रारंभ किया जाए।
- भृत्य, वानिकी चौकीदार का समायोजन किया जाए।
- दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों को नियमित किया जाए।

# रायपुर को स्वच्छ बनाने निगम हुआ सख्त, जुर्माने के डर से दुकानों में रखने लगे है डस्टबिन



**रायपुर ( ए )।** रायपुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन बनाने की कवायद में जुटी नगर निगम प्रशासन ने शहर की दुकानों में डस्टबिन रखना अनिवार्य किया है। नगर निगम के इस फरमान के बाद जिन दुकानों में डस्टबिन नहीं मिल रहे उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जा रही है। चालानी कार्रवाई के डर से दुकानदार अब दुकानों में डस्टबिन रखने लगे है। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर भी सख्ती बरती जा रही है।हर दुकान में पन्नी, पॉलीथिन रखने पर भी नगर निगम की टीम जुर्माना कर रही है। नगर निगम प्रशासन ने पिछले दस दिनों से लगातार प्रतिबंधित पालीथीन पर सख्ती बरतते आ रहे है।अब तक ढाई सौ से अधिक दुकानों में छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर दुकानदारों पर जुर्माना लगाया है। दुकानदारों को निगम की टीम कड़ी चेतावनी दे रही है कि दुकान में डस्टबिन अनिवार्य रूप से रखे।

### कार में भी डस्टबीन अनिवार्य

नगर निगम रायपुर ने कारों में भी डस्टबिन अनिवार्य कर दिया है। महापौर एजाज ढेबर के निर्देश के बाद से गाड़ियों के सभी शो रूम नई कारों के साथ डस्टबिन दे रहे हैं। नगर निगम का निर्देश है कि कारों में डस्टबिन हमेशा हो और कचरा इसी में डाला जाए, बाद में कूड़ा किसी सही जगह पर फेंका जाए। रायपुर में डस्टबीन को लेकर इस तरह की अनिवार्यता पहली बार है। दरअसल स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में रायपुर को देश का सबसे साफ शहर बनाने की कवायद जारी है।

### सिंगल यूज प्लास्टिक भी बैन

एक जुलाई से छत्तीसगढ़ में सिंगल यूज प्लास्टिक भी बैन कर दिया जाएगा।हाल ही में गोलबाजार में सात दुकानों में छापा मारकर नगर निगम की टीम ने लगभग 200 किलोग्राम प्रतिबंधित पालीथिन जब्त की, कारोबारियों पर कुल 20 हजार रुपये का फाइन भी लगाया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक की कैटेगरी में प्लास्टिक स्टिक वाले ईयरबड, गुब्बारे की स्टिक, प्लास्टिक झंडे, कैंडी स्टिक, थर्माकोल, प्लास्टिक कप, प्लेट, चम्मच, ग्लास वगैरह शामिल हैं। इसे लेकर भी दुकानों की जांच जारी है।

आम आदमी पार्टी का मिशन 2023 शुरू

# आज से प्रदेश प्रभारी का 10 दिन का छत्तीसगढ़ दौरा

**रायपुर ( ए )।** आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में 2023 के विधानसभा चुनाव की बुनियादी तैयारियां तेज कर दी हैं। आप के प्रदेश प्रभारी संजीव झा सोमवार को छत्तीसगढ़ पहुंच रहे हैं। अगले 10 दिनों तक वे प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा करेंगे। पंजाब कोटे से आप के राज्यसभा सांसद संदीप पाठक भी यहां पहुंच रहे हैं। संदीप पाठक छत्तीसगढ़ के ही मूल निवासी हैं।

आप के प्रदेश सह संयोजक सूरज उपाध्याय और प्रदेश सचिव उत्तम जायसवाल ने बताया, पार्टी इस महीने में कई राजनीतिक कार्यक्रम करने जा रही है। 11 अप्रैल को पार्टी के प्रदेश प्रभारी संजीव झा यहां पहुंच रहे हैं। अगले 10 दिनों तक वे प्रदेश में उन जिलों का दौरा करेंगे जहां सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित लोग पार्टी से जुड़ना चाहते हैं। संजीव झा ऐसे लोगों को आप में प्रवेश कराएंगे।

राज्यसभा सांसद संदीप पाठक 17 अप्रैल को रायपुर पहुंचेंगे। उनके साथ छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी गोपाल राय भी आएंगे। दोनों नेता रायपुर में एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे। दावा किया जा रहा है, उस दिन प्रदेश की राजनीति से जुड़े कुछ बड़े नाम आम आदमी पार्टी की में प्रवेश कर सकते हैं।

### बिलासपुर में संदीप पाठक का स्वागत कार्यक्रम

आप नेताओं ने बताया, राज्यसभा सांसद बनने के बाद संदीप पाठक पहली बार छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। ऐसे में 18 अप्रैल को उनके गृह जिले बिलासपुर में बाइक रैली, पद यात्रा और रोड शो होगा। छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी गोपाल राय और प्रदेश प्रभारी संजीव झा भी उसमें शामिल होने जाएंगे।

19 अप्रैल को बिलासपुर में ही विधानसभा चुनाव2023 को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण होना है। इसमें संगठन विस्तार का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ चुनाव प्रभारी गोपाल राय और प्रदेश प्रभारी संजीव झा मुख्य रूप से शामिल होंगे। इस ट्रेनिंग के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रदेश कोर कमेटी सदस्य, प्रदेश के सभी जिला अध्यक्ष, सचिव, संगठन मंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, विधानसभा सचिव, संगठन मंत्री के साथ ही लगभग 60 केंद्रीय पर्यवेक्षक शामिल होंगे। यह प्रशिक्षण शनीचरी बाजार स्थित देवकी नंदन सभा भवन में सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में 23 अप्रैल तक खुली हर्बल प्रोडक्ट की दुकान

**रायपुर ( ए )।** राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन पर हर्बल उत्पादों से भरा दुकान खुल गया है। बता दें कि भारत सरकार की वन स्टेशन-वन प्रोडक्ट योजना के अंतर्गत स्थानीय लोगों को अपने उत्पाद की बिक्री बढ़ाने का सुनहरा अवसर मिला है। शनिवार को रायपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-एक के मुख्य द्वार पर हर्बल मेडिसिनल प्रोडक्ट स्टाल का शुभारंभ किया गया। बता दें कि यह स्टाल 23 अप्रैल तक यहां संचालित किया जाएगा। स्टाल सुबह नौ बजे से रात नौ बजे तक खुला रहेगा। इस स्टाल में विभिन्न हर्बल हेल्थ प्रोडक्ट के साथ-साथ सौंदर्य प्रसाधन के उत्पाद भी उपलब्ध कराए गए हैं। पहले दिन ही स्टाल पर यात्रियों के साथ अन्य लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिला। बता दें कि इस योजना में देश भर के महत्वपूर्ण स्टेशनों पर विभिन्न स्थानीय कारीगरों के द्वारा तैयार उत्पादों को बेचने के लिए स्टाल खोले गए हैं।






नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# ‘हुड़दंग’ की स्क्रिप्ट सुनकर लगा कि इसे कर पाऊंगा या नहीं, क्योंकि यह दुनिया देखी ही नहीं हैः सनी कौशल

विक्की कौशल के छोटे भाई एक्टर सनी कौशल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ‘हुड़दंग’ को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में सनी के किरदार की कॉलेज लाइफ दिखाई गई है। फिल्म में सनी अपनी को-एक्ट्रेस नुसरत भरूचा के साथ प्यार और रोमांस करते नजर आएंगे।

### स्टोरी और डायलॉग लिखते समय आपको ध्यान में रखा गया, इसे बतौर एक्टर किस तरह से लेते हैं?

एक्चुअली, बतौर एक्टर आप प्रोड्यूसर-डायरेक्टर के पहले च्वाइस होते है, तब यह बड़ी बात होती है। आई थिंक, यह सितारों के मिलने वाली बात होती है। लेकिन यह पता नहीं चलता कि यह कहानी मुझे ध्यान में रखकर लिखी गई है। लेकिन जब पता चलता है, तब बड़ा अच्छा लगता है कि आपके बारे में लोग इस तरह से सोच रहे हैं।

### कोई सीन शूट करने के दौरान का यादगार लम्हा बताएंगे?

एक सीन शूट कर रहे थे, जहां पर बहुत सारे स्टूडेंट इकट्ठा हुए थे। उस समय नारेबाजी चल रही थी। वह बहुत इंटरेस्टिंग लगा। उस समय मुझे समझ में आया कि यह क्या बना रहे हैं। इसे सच में लोगों ने जिया है और उसे दर्शा रहे हैं। मुझे याद है, हम जितने भी एक्टर थे, वह सच में चिल्ला रहे थे और चिल्ला-चिल्लाकर सबका गला बैठ गया था।

### बचपन में किस तरह से हुड़दंग करते थे और वह अब किस तरह से बदल गया है?

बचपना तो हमेशा रहता है और रहना भी चाहिए। थोड़ा-सा हुड़दंग सब में होना चाहिए। बचपन में बहुत मस्ती करता था। मुझे तो याद नहीं, पर बचपन का एक किस्सा मम्मी आज भी सुनाती हैं। वे बताती हैं कि हम सब मार्केट गए थे। वे कुछ देखने में बिजी थीं और मैं हाथ छुड़ाकर निकल गया। फिर तो सब कुछ छोड़कर मम्मी ने मुझे पूरा दिन ढूंढ़ने में निकाल दिया। मैं किसी मंदिर की सीढ़ियों से ऊपर जाकर आराम से लालीपॉप चूस रहा था। बचपन में लालीपॉप बहुत पसंद था। लोगों के साथ यहां-वहां निकल जाने की हरकतें बहुत करता था। शायद बचपन में एक्सप्लोरर क्वालिटी थी कि लोगों को जानने की कि वे क्या कर रहे हैं। बचपन में ऐसे काफी किस्से हुए।

### अभी होली का त्योहार गया, भाभी के रूप में घर में एक नया सदस्य है, किस तरह से होली को लेकर हुड़दंग रही देवर-भाभी में कैसी बनती है?

एक्चुअली, हमने होली बहुत सिंपल तरीके से मनाई। हम सब सुबह एक साथ नाश्ते पर इकट्ठा हुए थे। हमने एक-दूसरे को रंग लगाया। हमने एक-दूसरे के साथ अच्छी-अच्छी बातें की, जो काफी पर्सनल रहीं। उसके बाद इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया था। इस तरह होली का त्योहार मनाया। शादी के बाद यह दूसरा त्योहार था। इससे पहले लोहड़ी था। टचवुड, बहुत बढ़िया बनती है।

### कोरोना काल में किसिंग सीन करने में कितना सहज थे?

यह फिल्म हमने कोरोना से पहले शूट किया। वह तो कोरोना के चलते थोड़ा



रुकावट आ गई थी। रही बात सहज होने की, तब एक-दूसरे के साथ काम करते हैं, तब प्रोफेशनल तरीके से अपने काम को लेकर सहज रहते ही हैं। काम करते वक्त यह सब नहीं सोचते हैं, सीन में जो है, उसे करना ही है। यह रेग्युलर सीन की तरह ही होता है। ऑफकोर्स, वे भी एक एक्टर हैं और हम भी एक्टर हैं। स्क्रिप्ट में लिखा होता है, तब ऊपर-नीचे सोचने वाली कोई बात नहीं होती है।

### बतौर एक्टर रियल लोकेशन पर शूटिंग करने की चुनौतियां क्या रहीं?

रियल लोकेशन पर शूटिंग करना बहुत बेटर होता है, क्योंकि चीजें दिखाई देती हैं कि यह सच में घर है, यह कमरा है, पेड़-पौधे, हवा सब कुछ सच के होते हैं। रियल लोकेशन पर शूट करना चुनौती नहीं, उल्टा आसान हो जाता है।

### स्कूल-कॉलेज में जाकर शूटिंग की है, कॉलेज के दिनों की याद तो आई होगी?

हां, जरूर आई। मैं कॉलेज में काफी बंक मारता था। मुझे याद है, मेरे कॉलेज के बाहर एक डोसावाला था। वहां हम साथियों के बीच ईटिंग कंपटीशन होता था कि कौन कितना ज्यादा डोसा खाएगा। खाने में जो हारेगा, वह पूरा पैसा भरेगा। इसमें मैं चैंपियन रहा। मैंने सात मसाला डोसा एक साथ खाया है। हां, यह अलग बात है कि दो दिन तक खाना नहीं खाया, पर मैंने हार नहीं मानी थी।

### अपकमिंग प्रोजेक्ट्स क्या है?

हुड़दंग के बाद दो फिल्में हैं। एक फिल्म मैरी है। यह जान्हवी कपूर के साथ है। दूसरी यामी गौतम के साथ चोर निकलकर भागा फिल्म है। ये दोनों फिल्में कंप्लीट हो चुकी हैं। अभी कुछ ही महीनों में आ जाएंगी।

### आपके भाई विक्की कौशल के साथ राम-लक्ष्मण जैसी जोड़ी है, भाई की शादी में कौन-सी रस्म आपको सबसे प्यारी लगी?

हम दोनों हम उम्र हैं। हमारे बीच उम्र का सिर्फ डेढ़ साल का फर्क है। ऑफ कोर्स, वह भाई वाला रिस्पेक्ट है, पर हमारी काफी दोस्ती रही है। हम एक-दूसरे के साथ बेस्ट फ्रेंड की तरह रहे हैं। मुझे नाचना बहुत पसंद है, सो भाई की शादी में संगीत की रस्म बहुत अच्छी लगी।

### हुड़दंग भी प्यार-रोमांस वाली फिल्म है, अलग तरह की फिल्म मिल नहीं रही हैं या इस जॉनर से निकलना नहीं चाह रहे हैं?

पता नहीं। एक्चुअली, ऐसा मैं सोचता नहीं हूं। मुझे जिस फिल्म की कहानी पसंद आ जाती है, उसे कर लेता हूं। वह लव स्टोरी भी हो सकती है, एक्शन फिल्म भी हो सकती है। उसमें अपने आपको ढालना होता है।

### नुसरत भरूचा के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

वे बहुत सुलझी हुई कलाकार हैं। उन्हें पता था कि वे क्या कर रही हैं। वे विस्तारपूर्वक बातों को सुनती और समझती हैं। ऐसे एक्टर्स के साथ काम करने में बहुत मजा आता है। उनके साथ काम करने का बहुत बढ़िया एक्सपीरियंस रहा। हमारे बीच अच्छी बॉडिंग बनी है। हमारी अच्छी दोस्ती हो गई है, पर फनी वाकया याद नहीं आ रहा है।

# नाना पाटेकर चार साल बाद करेंगे ‘द कन्फेशन’ से कमबैक फिल्म का टीजर हुआ रिलीज



बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता नाना पाटेकर अपनी अपकमिंग थ्रिलर फिल्म ‘द कन्फेशन’ में लीड रोल निभाते नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का टीजर रिलीज किया गया है। जिसे अनंत नारायण महादेवन ने डायरेक्ट किया है। टीजर रिलीज के बाद से ही लोगों में फिल्म को लेकर क्रेज देखने को मिल रहा है। नाना इस फिल्म से #MeToo मामले के बाद चार साल बाद कमबैक करेंगे।

### फिल्म के टीजर में नाना का वॉइस-ओवर

टीजर में नाना की एक एडिट्ड इमेज को कोर्डरूम में दिखाया गया है और पीछे से वॉइस-ओवर चल रहा है। नाना को हिंदी में यह कहते हुए सुना जा सकता है, मैंने सच का चेहरा पहले ही देख लिया है, यहाँ तक कि मैंने उसकी आवाज भी सुनी है। हां, मैं सच जानता हूं लेकिन इसे स्वीकार नहीं कर सकता। मैं इसके लिए अपनी जान देने को तैयार हूं। इस दिलचस्प वॉइस-ओवर ने सभी को फिल्म की कहानी के बारे में उत्सुक कर दिया है। यह देखना भी दिलचस्प होगा कि नाना को इस फिल्म में कैसे पेश किया जाता है, खासकर अपने पूरे करियर में इतने विस्तृत किरदार निभाने के बाद।

### ’द कश्मीर फाइल्स’ पर दिया था बयान

इस बीच, नाना पाटेकर हाल ही में फिल्म ‘द कश्मीर फाइल्स’ को लेकर चल रहे विवाद पर कमेंट करके चर्चाओं में आए थे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू और मुसलमान दोनों भारत के हैं और समाज में विभाजन करना अच्छा नहीं है। खामोशी एक्टर ने आगे कहा कि एक फिल्म पर विवाद छिड़ना अच्छा नहीं है।

### डायरेक्शन एंड प्रोडक्शन

एनएच स्टूडियोज, टाइम फिल्म्स, अजय कपूर प्रोडक्शंस और स्पार्कलिंग स्टूडियोज की फिल्म ‘द कन्फेशन’ का निर्देशन एक्टर और फिल्ममेकर अनंत नारायण महादेवन ने किया है। इसे सुभाष काले, अजय कपूर, प्रवीण शाह और नरेंद्र हीरावत ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म को एक फेमस नोवलिस्ट और स्क्रीन राइटर सी पी सुरेंद्रन ने लिखा है।

### चार साल के बाद नाना का कमबैक

चार साल से ज्यादा समय के बाद नाना पाटेकर का यह पहला प्रोजेक्ट होगा। उन्हें आखिरी बार रजनीकांत-स्टारर काला (2018) में एक विरोधी के रूप में देखा गया था। उन्होंने हाउसफुल 4 (2019) में खलनायक की भूमिका निभाई थी और इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी थी। हालांकि, तनुश्री दत्ता द्वारा #MeToo लहर के दौरान उन पर लगाए गए आरोपों के बाद उन्हें बाहर होना पड़ा। 2021 के अंत में, उन्हें टाटा स्काई विज्ञापन अभियान में देखा गया था, और इसके बाद लगा था कि जल्द ही, अभिनेता फीचर फिल्मों में वापसी करेंगे।

# साउथ सुपरस्टार के ठाठः महेश बाबू नहीं करना चाहते बॉलीवुड में काम, बोले-मुझे हिंदी फिल्मों में काम करने की जरुरत नहीं

महेश बाबू ने बॉलीवुड में काम करने से मना कर दिया है। हाल ही में एक्टर ने एक इवेंट अटेंड किया, जिसके दौरान उनसे हिंदी फिल्मों में काम करने के बारे में पूछा गया। जिस पर एक्टर ने कहा कि उन्हें हिंदी फिल्मों में काम करने की जरुरत नहीं है। साथ ही महेश बाबू ने कहा कि वो एक तेलुगु फिल्म कर सकते हैं और वही फिल्म दुनिया भर के लोग देखेंगे। आजकल हिंदी फिल्मों से ज्यादा, लोग साउथ की फिल्में देख रहे हैं।



### हैदराबाद के एक इवेंट में बोले महेश बाबू

तेलुगु सुपरस्टार महेश बाबू हैदराबाद में एक पब्लिक इवेंट अटेंड करने पहुंचे थे। इवेंट में जब उनसे हिंदी फिल्मों में काम करने को लेकर पूछा गया, तो एक्टर ने कहा, मुझे हिंदी फिल्मों में काम करने की जरुरत नहीं है। मैं एक तेलुगु फिल्म करुंगा और आजकल वही पूरे देश में देखी जा रही है। इसलिए मुझे खास तौर पर हिंदी फिल्मों में काम करने की कोई जरुरत नहीं है।

### वायरल वीडियो में बोले एक्टर

जहां एक तरफ कई साउथ के स्टार्स बॉलीवुड में अपनी डेब्यू फिल्म साइन कर रहे हैं, वहीं महेश बाबू के इसको लेकर अलग विचार हैं। इस इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

महेश बाबू ने आरआरआर के डायरेक्टर एस एस राजामौली के साथ एक फिल्म भी साइन की है। इवेंट में जब महेश से राजामौली के साथ काम करने को लेकर पूछा गया तो एक्टर ने कहा, मैं राजामौली के प्रोजेक्ट को लेकर काफी एक्साइटेड हूं।

### चार साल की उम्र में किया था एक्टिंग डेब्यू

महेश बाबू ने अपना एक्टिंग डेब्यू चार साल की उम्र में किया था। एक्टर 1979 में आई फिल्म ‘नीडा’ में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट नजर आए थे। उन्होंने राजकुमाररुडु के साथ लीड एक्टर के तौर पर एक्टिंग करियर की शुरुआत की और बेस्ट मेल डेब्यू के लिए नंदी अवॉर्ड भी जीता था। महेश बाबू ने नंदी अवाड्र्स, फिल्मफेयर साउथ अवाड्र्स, साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवाड्र्स और सिनेमा अवाड्र्स जैसे कई अवॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं।

### अपकमिंग प्रोजेक्ट्स

वर्कफ्रंट की बात करें तो, महेश बाबू अगली फिल्म परशुराम पेटला की ‘सरकारू वारी पाता’ में कीर्ति सुरेश के साथ दिखाई देंगे। फिल्म 12 मई को रिलीज होगी। उन्होंने त्रिविक्रम श्रीनिवास और एस एस राजामौली के साथ भी फिल्में साइन की हैं।

# राम नवमी के अवसर पर ‘आदिपुरुष’ के डायरेक्टर ओम राउत ने शेयर किया फिल्म का फैन-मेड पोस्टर

फिल्ममेकर और डायरेक्टर ओम राउत ने राम नवमी के मौके पर सोशल मीडिया पर अपनी फिल्म आदिपुरुष में प्रभास के लुक का फैन-मेड पोस्टर शेयर किया है। इसमें प्रभास को भगवान राम और सैफ को लंकेश के रूप में दिखाया गया है। फिल्म में कृति सेनन, सन्नी सिंह और वत्सल सेठ भी नजर आने वाले हैं। यह फिल्म हिंदू रामायण पर आधारित है, जो बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाती है।

### डायरेक्टर ने किया पोस्टर शेयर

ओम राउत ने पहले ही बताया था कि इस फिल्म में बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत को दिखाया जाएगा। प्रभास का पोस्टर रिलीज करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, ‘उफनता वीरता का सागर, छलकती वातसल्य की गागर। जन्म हुआ प्रभु श्रीराम का, झूमें नाचे हर जन घर नगर।’ प्रभास पोस्टर में श्री राम के रूप



में नजर आ रहे हैं।

### फैंस ने किए पोस्ट पर रिएक्ट

फैन-मेड पोस्टरों के छोटे मोंटाज में, प्रभास को राम के विभिन्न रूपों में देखा जाता है। वीडियो में फैंस को उनकी मेहनत के लिए धन्यवाद भी किया है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए उनसे फिल्म से प्रभास के असली फर्स्ट लुक के लिए अनुरोध किया, जबकि कई फैंस उनकी मेहनत को समझने के लिए ग्रेटफुल थे।

# बॉलीवुड में डंका बजाने के लिए तैयार हैं ये साउथ सुपरस्टार्स इन फिल्मों से करेंगे डेब्यू

भारतीय सिनेमा जगत में साउथ इंडस्ट्री का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। टॉलीवुड की रिलीज हो रही तमाम फिल्में बॉक्स ऑफिस पर धुआंधार कमाई कर रही हैं और इन फिल्मों के आगे हिंदी सिनेमा की फिल्में भी फीकी पड़ती दिख रही हैं। खास बात ये है कि आज के समय में साउथ सिनेमा के कलाकारों की पॉपुलैरिटी में भी तेजी से बढ़ोतरी हुई हैं और अब साउथ इंडस्ट्री के कलाकारों ने बॉलीवुड की ओर कदम बढ़ा लिए हैं। टॉलीवुड के कई सितारे अब बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आइए आपको बॉलीवुड में आने वाले साउथ कलाकार और उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में बताते हैं।

### रश्मिका मंदाना

फिल्म ‘पुष्पाः द राइस’ में रश्मिका मंदाना ने अपनी शानदार एक्टिंग से धमाल मचा दिया। रश्मिका फिल्म में अल्लू अर्जुन को पूरी तरह टक्कर दे रही थीं और इस फिल्म में शानदार प्रदर्शन के बाद रश्मिका के पास बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स भी आने लगे। रश्मिका सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ फिल्म ‘मिशन मजनू’ और अमिताभ बच्चन के अपोजिट फिल्म ‘गुड बाय’ में दिखाई देंगी।

### विजय देवरकोंडा

विजय देवरकोंडा साउथ इंडस्ट्री के हैंडसम हंक हैं, जिन्होंने साउथ इंडस्ट्री में कई हिट फिल्में दी हैं और अब विजय बॉलीवुड पर अपनी छाप छोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। विजय देवरकोंडा बहुत ही जल्द फिल्म ‘लाइगर’ में दिखाई देने वाले हैं। इस फिल्म में उनके अपोजिट एक्ट्रेस अनन्या पांडे दिखाई देंगी।

### नागा चैतन्य

नागा चैतन्य बॉलीवुड में फिल्म ‘लाल सिंह चड्ढा’ से कदम रखने जा रहे हैं, जिसमें वह आमिर खान और करीना कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए दिखाई देंगे। फिल्म 14 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी लेकिन यह फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में नजर आएंगी।

### प्रियमणि राज

इस लिस्ट में प्रियमणि राज का नाम भी शामिल है, जो साउथ इंडस्ट्री की पॉपुलर अभिनेत्री हैं। प्रियमणि साल 2013 में रिलीज हुई फिल्म ‘चेन्नई एक्सप्रेस’ में नजर आई थीं। इस फिल्म में अभिनेत्री ने ‘वन टू थ्री फॉर’ गाने में धमाल मचा दिया था लेकिन अब प्रियमणि बतौर लीड अभिनेत्री फिल्म ‘मैदान’ में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रियमणि अभिनेता अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी।नयनतारा साउथ इंडस्ट्री की सुपरहिट अभिनेत्री नयनतारा भी बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। दावा है कि नयनतारा शाहरुख खान के साथ फिल्म LION में दिखाई देंगी। फिल्म को साउथ के फेमस डायरेक्टर एटली डायरेक्ट करेंगे।

### विजय सेतुपति

विजय सेतुपति साउथ सिनेमा में काफी पॉपुलर अभिनेता हैं, जो अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं। विजय सेतुपति हिंदी फिल्म ‘मुंबईकर’ में दिखाई देने वाले हैं। ‘मुंबईकर’ तमिल फिल्म ‘मानागरम’ के हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में एक्टर विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में दिखाई देने वाले हैं।

# एक्ट्रेस के घर चोरीः सोनम कपूर के ससुराल में हुई चोरी, चोरों ने 1.41 करोड़ की ज्वेलरी और नकदी चुराई

सोनम कपूर के नई दिल्ली स्थित घर चोरी हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चोरो ने उनके घर से करीबन 1.41 करोड़ रुपए की ज्वेलरी और नकदी चुराई है। सोनम की सास अपने मैनेजर रितेश गौरा के साथ जाकर तुगलक रोड थाने में शिकायत दर्ज कराई है। हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण पुलिस ने दबाया हुआ था। वहीं पुलिस ने एक स्पेशल जांच टीम बनाई है।

### 23 फरवरी को दर्ज कराई शिकायत

दिल्ली पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सोनम कपूर का ससुराल 22 अमृता शेरगिल मार्ग पर है। यहां पर उनकी सास सरला अहूजा अपने बेटे हरीश अहूजा और बहू प्रिया अहूजा के साथ रहती हैं। सरला ने 23 फरवरी को तुगलक रोड थाने पहुंच कर घर से नकदी और 1.41 करोड़ के गहने चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। सरला अपने मैनेजर रितेश गौरा के साथ थाने पहुंची थीं। उन्होंने बताया कि 11 फरवरी को अलमारी चेक किया था तो सारा सामान वहीं रखा हुआ था।

### फॉरेंसिक टीम की मदद लेगी पुलिस

पुलिस अधिकारियों ने आगे बताया कि घर में करीब 25 नौकर व 9 केयर टेकर है। हम सभी से पूछताछ कर रहे हैं। हालांकि अभी तक पुलिस आरोपी तक नहीं पहुंच पाई है। वहीं पुलिस फॉरेंसिक टीम की भी मदद लेने की सोच रही है। पुलिस पिछले साल की सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। सोनम कपूर के पति आनंद अहूजा अपने चाचा सुनील के साथ कैलिफोर्निया में रहते हैं। आंनद के परिवार का सांई एक्सपोर्ट नाम की कपड़ों की कंपनी है।

### सिलाई से शुरू किया था काम

सरला अहूजा साल 1961 में लेडीज गारमेंट्स की सिलाई करती थीं। एक बार उन्होंने लेडीज कपड़ा सिला था। ये कपड़ा किसी ग्राहक को बहुत पसंद आया था। बताया जा रहा है कि उस ग्राहक ने चार लेडी गारमेंट्स और सिलवाए। इसके बाद सरला अहूजा का कपड़ों का बिजनेस चल पड़ा। आज उनका पूरे विश्व में कपड़ों का बिजनेस है।

# दसवींः अमिताभ बच्चन ने की निम्रत कौर की एक्टिंग की तारीफ, फूलों का गुलदस्ता और लेटर भेजकर किया एप्रिशिएट

बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में फिल्म ‘दसवीं’ की एक्ट्रेस निम्रत कौर को अपने हाथ से लिखा लेटर और फूलों का गुलदस्ता भेजा है। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक इमोशनल पोस्ट के जरिए दी। दरअसल बिग बी को फिल्म में निम्रत की परफॉर्मेंस काफी पसंद आई, जिसके बाद उन्होंने निम्रत के लिए एप्रिसिएशन लेटर लिखा।

### बिग बी ने निम्रत को भेजा लेटर और फूलों का गुलदस्ता

निम्रत ने लिखा, जब मैंने 18 साल पहले मुंबई शहर में कदम रखा था। तब यह कल्पना ही जहन में थी कि



एक दिन अमिताभ बच्चन मुझे मेरे नाम से मुझे जानें। एक टेलीविजन ऐड में उन्होंने मेरी सराहना की और आज सालों बाद एक नोट और फूल भेजे हैं।

### निम्रत ने लिखा इमोशनल पोस्ट

निम्रत ने आगे लिखा, अमिताभ बच्चन सर आपको मेरा सहप्रेम, अनंत धन्यवाद। आज अल्फाज और भावनाएं, दोनों कम पड़ रही हैं। आपका यह स्नेहपूर्वक पत्र आजीवन मुझे प्रेरित करता रहेगा और आपके इस अमूल्य गुलदस्ता रूपी आशीर्वाद की महक मेरी जिंदगी के हर कदम पर बनी रहेगी। आपसे मिली इस शाबाशी से एक चुप्पी महसूस हो रही हैज्जैसे किसी विशाल पर्वत या प्राचीन मंदिर के सामने होती है। आपकी श्रद्धापूर्वक, सदैव आभारी, निमरत।

### दसवीं में चीफमिनिस्टर अभिषेक

अभिषेक और निम्रत स्टारर फिल्म ‘दसवीं’ को तुषार जलोटा ने डायरेक्ट किया है। फिल्म में अभिषेक और निम्रत की पर्फोमेंस के लिए फैंस दोनों तारीफ कर रहे हैं। फिल्म में अभिषेक ने मुख्य मंत्री का रोल प्ले किया है, जो सबसे छिप कर 10वीं क्लास में पढ़ने का फैसला लेते हैं। निम्रत फिल्म में उनकी वाइफ और नई चीफ मिनिस्टर का रोल में हैं, वहीं यामी ने एक जेलर की भूमिका निभाई है।









## खास खबर

### प्लेसमेंट कैम्प में आज 232 रिक्त पदों पर होगी भर्ती

**गरियाबंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, गरियाबंद द्वारा 11 अप्रैल, सोमवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कार्यालय परिसर में निःशुल्क प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निजी प्रतिष्ठान शिवनाथ हुण्डई गरियाबंद, हेल्थ केयर रायपुरा चौक रायपुर एवं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन कुरूद जिला धमतरी, द्वारा अधिसूचित सेल्स एकसक्यूटिव, उपचारिका/उपचारक, ट्रेनी हॉस्पिटलिटी, ब्यूटी, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर के कुल 232 रिक्त पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जायेगी। सेल्स एक्सक्यूटिव पद हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास, उपचारिका/उपचारक पद हेतु (महिला/ पुरूष-7वीं पास/ फेल) और ट्रेनी-हॉस्पिटलिटी, ब्यूटी, इलेक्ट्रीषियन, वेल्डर पद हेतु 8वीं पास निर्धारित है। निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार के इच्छुक आवेदक जिसकी आयु 18 से 40 वर्ष है,अपना शैक्षणिक योग्यता तथा दो पासपोर्ट साईज फोटो, अन्य प्रमाण पत्र की मूलप्रति एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र गरियाबंद में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प का लाभ सकते हैं।

### कलेक्टर एवं एसपी ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के संबंध में बैठक ली

**सूरजपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के आगमन के पूर्व तैयारियों के संबंध में प्रशासनिक एवं पुलिस अमला की कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक ली। सूरजपुर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का 12 अप्रैल को साहू समाज के सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने का प्रस्तावित कार्यक्रम है। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आगमन की तैयारियों का दुरुस्त रखने सभी संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों का बेहतर निर्वाहन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कार्यक्रम स्थल में मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, बैरिकेट्स, सुरक्षा व्यवस्था, साज सज्जा, बिजली पानी एवं कुर्सियों की पर्याप्त व्यवस्था करने की निर्देश दिए हैं। उन्होंने विभिन्न विभाग द्वारा संचालित शासन की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजनाओं का फ्लेक्सी एवं होल्डिंग्स बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी विभाग को समन्वय कर टीम भावना से कार्य करने कहा है। पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने कानून व्यवस्था सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं तथा निर्धारित स्थल पर बैरिकेट्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं इस दौरान जिला पंचायत सीईओ राहुल देव, डीएफओ मनीष कश्यप, पुलिस विभाग सहित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# अमित शाह ने नडाबेट में सीमा दर्शन के लिए नवनिर्मित पर्यटन सुविधाओं का किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात में बनासकांठा जिले के नडाबेटमें सीमा दर्शन के लिए नवनिर्मित पर्यटन सुविधाओं का लोकार्पण किया। अमित शाह ने नडाबेट बॉर्डर आउटपोस्ट सैनिक सम्मेलन को संबोधित किया और जवानों के साथ बड़ा खाना व संवाद भी किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और सीमा सुरक्षा बल केमहानिदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।**




इस अवसर पर अपने संबोधन में केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी सीमा सुरक्षा बल हो, विशेषकर बीएसएफ़, उसका काम बहुत कठिन होता है। रेतीली आंधियां, चिलचिलाती गर्मी, हाड़ कंपा देने वाली ठंड, इन सबके बीच एकाग्रता के साथ जीवनपर्यंत कर्तव्य के मंत्र को साकार करते हुए बीएसएफ़ के जवान देश की 6385 किलोमीटर लंबी सीमा की सुरक्षा कर रहे हैं। जबसे नरेन्द्र मोदी जी देश के प्रधानमंत्री बने तबसे देश को दुनिया में हर क्षेत्र में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने का आयोजनबद्ध तरीक़े से प्रयास हो रहा है। ये प्रयास इसीलिए सफल होगा क्योंकि हमारे सीमा सुरक्षा बल के जवान सीमा पर अभेद्य सुरक्षा का सुदर्शन चक्र लिए हुए खड़े हैं, आप सीमाओं की सुरक्षा करते हो इसीलिए सीमाओं पर विकास संभव हो रहा है। उन्होंने कहा कि ये तो वो सीमा है जहां बीएसएफ़ और सेना के जवानों ने उत्कृष्ट पराक्रम दिखाया है। लढ़ाई में लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र को पाकिस्तान से छीनकर विजय पताका फहराने का काम बॉर्डर सिक्योरिटी फ़ोर्स ने किया। बहुत लंबे समय तक, जब तक समझौता नहीं हुआ, बीएसएफ़ एडमिनिस्ट्रेशन में भी लगी रही और 1965 में 25 बटालियनों के साथ शुरू हुआ ये संगठन, आज 193 बटालियन और 60 आर्टिलरी रेजीमेंट की 2,65,000 जवानों की नफ़री के साथ है। पूरा देश और देश का हर नागरिक मानता है कि ये संगठन और 2,65,000 की ये नफ़री भारत की सुरक्षा की गारंटी है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कश्मीर घाटी में घुसपैठ रोकनी हो, नॉर्थ-ईस्ट में और कुछ वामपंथी उग्रवाद वाले क्षेत्रों में आंतरिक सुरक्षा को संभालना हो, भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर दोनों देशों के रिश्तों में सौहार्द बनाए रखते हुए देश के सभी हिस्सों की सुरक्षा करनी हो, क्रीक के कठिन क्षेत्र में भी घुटनों तक दलदल में घंटों तक चलकर वहां सजग रहना हो, विश्व में इतनी कठिन परिस्थितियों में काम करने वाला बीएसएफ़ के सिवा कोई और सीमा सुरक्षा बल नहीं होगा।

अमित शाह ने कहा कि नडाबेट में सीमा दर्शन कार्यक्रम पर 125 करोड़ रूपए का ख़र्च गुजरात सरकार ने किया है। यहां बीएसएफ़ की वीरगाथाओं को देखकर छोटे-छोटे बच्चे हमारे बॉर्डर गार्डिंग फ़ोर्स के प्रति सम्मान की भावना को संस्कार के रूप में आत्मसात करें, वे भी निश्चय करें कि देश की सुरक्षा के क्षेत्र में मुझे भी कुछ करना चाहिए, देश की सुरक्षा करने वाले प्रहरी के प्रति उसका सम्मान और संवेदना हमेशा के लिए जागृत हो जाएगी। गुजरात सरकार अब ये भी आयोजन करने वाली है कि पांचवी से आठवीं कक्षा तक के हर छात्र के स्कूल के पर्यटन का सेंटर अब ये नडाबेट बनने जा रहा है।

इससे बीएसएफ़ के त्याग, समर्पण, बलिदान और वीरता सबको अपने साथ लेकर वो सिविल सोसायटी में जाएगाऔर जब वह नागरिक बनेगा तब उसके जीवन के अंतिम साल तक यहसम्मान बना रहेगा। गुजरात सरकार आसपास के क्षेत्र में रहने की सुविधा के लिए भी अच्छी प्लानिंग करने जा रही है औरकम से कम 2 दिन बनासकांठा की सरहद पर गुजरात का हरनागरिक बिताए तभी वो सरहद की कठिनाइयों के साथ जुड़ेगा और सरहद को जानने का काम कर पाएगा।

### होम्योपैथी भी दूसरी पद्धतियों की तरह प्रभावी

# इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने से स्वीकार्यता और लोकप्रियता बढ़ेगी - टी.एस. सिंहदेव

**'होम्योपैथिक अप्रोच इन एक्यूट कंडीशन्स' पर विशेषज्ञो ने विचार साझा किए, होम्योपैथी चिकित्सा शिविर का भी हुआ आयोजन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। होम्योपैथी भी दूसरी पद्धतियों की तरह प्रभावी, इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने से स्वीकार्यता और लोकप्रियता बढ़ेगी - श्री टी.एस. सिंहदेवस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टी.एस. सिंहदेव विश्व होम्योपैथी दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय संगोष्ठी में शामिल हुए।**




संचालनालय आयुष द्वारा रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने 'होम्योपैथिक अप्रोच इन एक्युट कंडीशनन्स (Homeopathic Approach in Acute Conditions)' विषय पर अपने विचार साझा किए। विश्व होम्योपैथी दिवस पर नवीन विश्राम भवन में होम्योपैथी चिकित्सा शिविर भी आयोजित किया गया। होमियोपैथी चिकित्सकों ने शिविर में लोगों की जांच एवं उपचार कर निःशुल्क दवाईयां दीं।

लोकप्रियता बढ़ेगी - श्री टी.एस. सिंहदेवस्वास्थ्य मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि होम्योपैथी की वैज्ञानिकता, असर और उपयोगिता को लोगों के बीच प्रभावी ढंग से रखा जाना चाहिए। होम्योपैथी भी दूसरी पद्धतियों की तरह कारगर है, इस बात को व्यवहारिक रूप में स्थापित किया जाना चाहिए। होम्योपैथी भी दूसरी पद्धतियों की तरह प्रभावी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में होम्योपैथी डॉक्टर की नियुक्ति के लिए शासन को प्रस्ताव भेजेगी।

को दूर करने से स्वीकार्यता और लोकप्रियता बढ़ेगी - श्री टी.एस. सिंहदेवस्वास्थ्य मंत्री ने आयुष संचालनालय के अधिकारियों-कर्मचारियों और डॉक्टरों को विश्व होम्योपैथी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि राज्य निर्माण के बाद छत्तीसगढ़ में पहली बार इसका आयोजन किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्ख॥ह्र) के मुताबिक होम्योपैथी उपचार की विश्व में दूसरी सबसे लोकप्रिय पैथी है। श्री सिंहदेव ने कहा कि अपने पाचन तंत्र के विकार से जुड़ी परेशानी को दूर करने के लिए उन्होंने स्वयं होम्योपैथी की दवाई ली थी और इससे उन्हें पूरी राहत मिली थी। इस पद्धति से जुड़ी भ्रांतियों को दूर कर इसकी स्वीकार्यता और लोकप्रियता को बढ़ाया जाना चाहिए। राज्य शासन इसमें हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने संगोष्ठी में होम्योपैथी से इलाज पर आधारित 'होम्योदर्शन' स्मारिका का विमोचन भी किया। संगोष्ठी में मुम्बई के डॉ. एम.एल. धावले स्मृति होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. बिपिन जैन ने 'होम्योपैथिक अप्रोच इन एक्युट कंडीशनन्स' विषय पर व्याख्यान दिया।

मुम्बई के विरार होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक और सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. जतिन एन. वालिया ने 'एक्युट प्रिस्क्राइबिंग इन स्पोर्ट्स इन्ज्युरी' तथा 'ग्रामीण विकास के लिए होम्योपैथी' विषय पर अपने विचार साझा किए। संगोष्ठी में आयुष विभाग के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास सहित अनेक विभागीय अधिकारी और होम्योपैथी डॉक्टर मौजूद थे।

# पीएम ने उमिया माता मंदिर के 14वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**नई दिल्ली (पीआईबी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर आज गुजरात के जूनागढ़ के गथिला में उमिया माता मंदिर में आयोजित 14वें स्थापना दिवस समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल और केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला भी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री ने मंदिर के स्थापना दिवस और रामनवमी के शुभ अवसर पर उपस्थित लोगों को बधाई दी। प्रधानमंत्री ने चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर कामना करते हुए कहा कि मां सिद्धिदात्री भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण करें। उन्होंने गिरनार की पवित्र भूमि को भी नमन किया। प्रधानमंत्री ने सभा में उपस्थित लोगों से कहा कि उन्होंने हमेशा राज्य और देश की बेहतरी के लिए उनकी सामूहिक ताकत और चिंता को महसूस किया है। उन्होंने यह भी कहा कि अयोध्या और पूरे देश में रामनवमी बड़े जोर-शोर से मनाई जा रही है। उन्होंने 2008 में मंदिर को समर्पित करने और पिछले कई वर्षों से मां उमिया को नमन करने का अवसर मिलने के लिए भी आभार व्यक्त किया।

प्रधानमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आध्यात्मिकता और दिव्यता की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान होने के अलावा, गथिला में उमिया माता मंदिर सामाजिक चेतना और पर्यटन का स्थान बन गया है। मां उमिया की कृपा से प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज और भक्तों ने कई महान कार्य किए हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मां उमिया के भक्त के रूप में लोगों द्वारा धरती मां को कोई नुकसान पहुंचाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि चूंकि हम अपनी मां को अनावश्यक दवाएं नहीं खिलाते हैं, इसलिए हमें अपनी जमीन पर भी अनावश्यक रसायनों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। उन्होंने प्रति बूंद अधिक फसल जैसे जल संरक्षण योजनाओं के माध्यम से भूमि क्षेत्र को संरक्षित करने के उपायों के बारे में चर्चा की। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए जन आंदोलन को याद किया। उन्होंने कहा कि हम जल संरक्षण के आंदोलन में ढील नहीं दे सकते। उन्होंने यह भी कहा कि धरती मां को रसायनों से बचाने की जरूरत है। उन्होंने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता दोहराई। उन्होंने कहा कि जैसे उन्होंने और केशुभाई ने पानी के लिए काम किया, मौजूदा मुख्यमंत्री धरती मां के लिए काम कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि मां उमिया और अन्य देवी-देवताओं की कृपा और सरकार के प्रयासों से महिला-पुरुष अनुपात में सुधार हुआ और बेटी बचाओ आंदोलन के अच्छे परिणाम निकले।

# मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणेश्वर मंदिर और माता शबरी के मंदिर में प्रदेश की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। रामनवमी के अवसर पर आज जांजगीर-चांपा जिले के दौरे पर आए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल सबसे पहले खरौद स्थित लक्ष्मणेश्वर और माता शबरी मंदिर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने इन मंदिरों में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ की जनता की खुशहाली और समृद्धि के लिए लिया आशीर्वाद।**



इस मौके पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास भी उनके साथ थे। स्कूली छात्रा को मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से खिलाया जन्मदिन का केक मुख्यमंत्री बघेल खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर से दर्शन कर परिसर से बाहर निकल रहे थे तो उन्हें एक छात्रा दिखी जो अपने जन्मदिन के अवसर पर भगवान शिव का दर्शन करने के लिए आई हुई थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने तामाक्षी भारद्वाज नाम की इस छात्रा से मुलाकात की और उसके जन्मदिन के उपलक्ष्य पर केक भी काटा। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने तामाक्षी को अपने हाथों से केक खिलाया और जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्रा को निरंतर मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाईश दी। मुख्यमंत्री ने तामाक्षी को कहा कि अच्छी शिक्षा से ही अपने जीवन के सपनों को साकार किया जा सकता है। तामाक्षी भारद्वाज नाम की इस छात्रा ने मुख्यमंत्री की सहृदयता की मुक्त कंठ से तारीफ की और ये विश्वास दिलाया कि वो एक दिन सफ्ल होकर देश की सेवा करेगी।

### शिवरीनारायण के अम्बेडकर चौक में लगाई गई है 7 फीट ऊंची प्रतिमा

# मुख्यमंत्री ने किया संविधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शिवरीनारायण में सविंधान निर्माता भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। यह प्रतिमा अम्बेडकर चौक में स्थापित की गई है। धातु से बनी डॉ. भीमराव अम्बेडकर की यह प्रतिमा लगभग 7 फीट ऊंची है। प्रतिमा के नीचे भाग में संसद भवन का प्रतिरूप भी बनाया गया है।**




मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ. अम्बेडकर के योगदान को याद किया। उन्होंने प्रतिमा की प्रशंसा करते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित नगर पंचायत परिषद शिवरीनारायण की पूरी टीम को बधाई दी। इस मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग अध्यक्ष राजेश्री महंत रामसुंदर दास, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, विधायक श्रीमती इंदू बंजारे, विधायक एवं संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, शाकंभरी बोर्ड अध्यक्ष रामकुमार पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजनी तिवारी सहित पार्षद गण और बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

YOGESH COMPUTER
Sale & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Hardware, CCTV Camera, Networking, Software
Azad Chowk, Muktidham Raod, Ramnagar, Supela, Bhilai
e-mail: sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से टकराई, दो युवक घायल, वहां मौजूद लोगों ने पहुंचाया अस्पताल

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर के विधानसभा रोड स्थित एमजीएम अस्पताल के सामने एक तेज रफ्तार कार खड़े ट्रक से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार 2 अज्ञात युवक घायल हो गये। घायलों को स्थानीय लोगो ने पुलिस के आने से पहले ही अस्पताल पहुंचाया। देर रात हुए इस सड़क हादसे में मिली जानकारी के मुताबिक 2 अज्ञात युवक विधानसभा रोड स्थित एक पार्टी लान से पार्टी अटेंड करके रायपुर की तरफ आ रहे थे कि उनकी तेज रफ्तार कार अस्पताल के सामने खड़े ट्रक में टकराकर पलट गई। मौके पर पहुंची विधानसभा थाना पुलिस ब्रेजा सवार दोनों युवकों की तलाश और पहचान में जुटी हुई है।

### फर्जी दस्तावेज तैयार कर बिजली कंपनी में कर रहा था नौकरी, एचआर ने थाने में की शिकायत

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बिजली कंपनी में फर्जी दस्तावेज के माध्यम से नौकरी कर रहे आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक लाइनमेन जानकी राम कर्ष वर्ष 2007 में आइटीआई की फर्जी मार्कशीट और दस्तावेज तैयार कर लाइनमेन क्लास-2 के पद पर पदस्थ था। 220 केवी उपकेंद्र सिलतरा में नौकरी कर रहा था। मामले का राजफाश विभागीय जांच में हुआ। सीएसईबी के मानव संसाधन विभाग ने आरोपित को बर्खास्त कर दिया है। साथ ही सरस्वती थाना में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### वन विभाग में बाबू की नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी

**रायपुर (ए)।** मंत्रालय में नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी का मामला सामने आया है। राखी थाने में धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी त्रिपुरारी लाल वर्मा से, तिलक राम चंद्राकर नामक पूर्व परिचित ने वन विभाग में बाबू के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर कुल चार लाख 50 हजार रुपये अलग-अलग किश्तों में लिए। तिलक राम चंद्राकर ने अलग-अलग किश्तों में लाखों रुपये ले लिए। लेकिन अब तक नौकरी नहीं लगी। जब प्रार्थी ने पैसे वापस मांगे तब आरोपित उसे घूमाने लगा। अंततः परेशान होकर उसने पुलिस की शरण ली।

### मोबाइल चोरी का आरोपित गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** मोबाइल चोरी करने वाले आरोपित को भनपुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मोबाइल चोरी होने की शिकायत कराने वाले राखी राजपूत पत्नी रवि राजपूत (39) निवासी लटयारी दुकान के पास रामेश्वर नगर भनपुरी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि शुक्रवार को शाम सात बजे वह बाबा किराना दुकान भनपूरी से सामान खरीदकर वापस अपने घर जा रही थी। इस बीच अज्ञात आरोपित पास रखे मोबाइल मोबाइल फोन छीन कर भाग गया। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर अपराध कायम कर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की गई।

रायपुर में टुल्लू पंप से पानी खींचा तो एफआईआर

# निगम ने जारी किया फरमान, लापरवाही बरतने वाले अफसरों पर भी होगी कार्रवाई

**रायपुर (ए)।** रायपुर नगर निगम के आयुक्त प्रभात मलिक ने रविवार को एक बैठक लेकर कुछ अहम निर्देश जारी किए हैं। इसमें उन्होंने टुल्लू पम्प से पानी खींचने पर पम्प जब्ती के साथ ही पंप मालिक के खिलाफ एफआईआर तक करने को कह दिया है। उन्होंने नगर निगम के जल विभाग से जुड़े इंजीनियरों को भी चेतावनी दी कि लापरवाही करने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।



भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट भवन में संडे को निगम के अफसर पहुंच गए और शहर की पेय जल व्यवस्था को लेकर मीटिंग की। बैठक में निगम आयुक्त मलिक ने कहा कि एक व्यक्ति को हर दिन 135 लीटर जल की आवश्यकता होती है। उस लिहाज से शहर में भरपूर मात्रा में पेयजल सप्लाई की जा रही है। यदि किसी क्षेत्र के नलों में पानी की धार कम आ रही है तो उसकी वजह टुल्लू पम्प से पानी की चोरी करना भी हो सकता है।

इस पर उन्होंने जांच कर पानी चोरों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए टुल्लू पम्प जब्त करने और थाने में एफआईआर कराने के भी निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर उस क्षेत्र में पानी सप्लाई होने के दौरान बिजली बंद करवाई जाए। जिन क्षेत्रों में पानी की धार कम होने की शिकायत मिलती है, वहां मौके पर जाकर निराकरण करें। उन क्षेत्रों में वाल की जांच या बूस्टर पम्प लगाकर शिकायत दूर किया जा सकता है। साथ ही कहा कि आवश्यकता पड़ने पर बोर लगाने का कार्य भी किया जाए।

बैठक के दौरान उन्होंने जल प्रदाय से जुड़े अधिकारियों की कार्यशैली को लेकर भी सवाल किए। लापरवाही किये जाने पर संबंधित इंजीनियरों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सुबह पानी सप्लाई के समय सभी जोनों के जल विभाग के सहायक अभियंता तथा उप अभियंता अपने अपने क्षेत्रों में घूम घूमकर जायजा लें तथा कमी पाए जाने पर तत्काल निराकरण करें। इस बैठक में अपर आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, जल विभाग के मुख्य अभियंता आर के चौबे, अमृत मिशन के कार्यपालन अभियंता राकेश गुप्ता, जल विभाग के कार्यपालन अभियंता बद्री चंद्राकर, सहायक अभियंता पदमाकर श्रीवास और सभी 10 जोनों के जल विभाग के अधिकारी शामिल थे।

# ग्रामीण बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर चार लाख की ठगी करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** सिविल लाइन थाने में ग्रामीण बैंक में नौकरी लगवाने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित अमन उर्फ गिरधर बंजारे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपित ने अन्य साथियों के साथ मिलकर नौकरी लगवाने के नाम पर फर्जी मैरिट सूची दिखाकर चार लाख रुपये ले लिए थे।

पुलिस ने तीन आरोपितों के खिलाफ आइटी एक्ट और धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर पूर्व में दो आरोपित लकी ऊर्फ लकेश्वर दास मानिकपुरी और पुकेंद्र तिवारी को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

### जगदलपुर निवासी आकाश ने रायपुर में दिया था पैसा

सिविल लाइन थाने में जगदलपुर निवासी आकाश चंदन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसने बताया कि मार्च 2021 में लक्की उर्फ लकेश्वर दास मानिकपुरी और पुकेंद्र तिवारी से मिला। लक्की और पुकेंद्र ने बताया कि अमन उर्फ गिरधर बंजारे सरकारी नौकरी दिलाने का काम करता है। शासकीय नौकरी लगने के एवज में चार लाख रुपये की मांग की गई। 50 फीसद काम के पहले और 50 फीसद काम के बाद।

इसके बाद लक्की उर्फलकेश्वर दास और पुकेंद्र रायपुर घड़ी चौक के पास बुलाकर दो लाख रुपये लिए और शैक्षणिक दस्तावेजों की छायाप्रति ली। इसके बाद आरोपित ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के ऑफिस असिस्टेंट पद का फार्म भरो, इसके बाद चयन सूची में नाम आने के बाद सूचना देने की बात कही। एक माह बाद अमन और पुकेंद्र तिवारी व लकेश्वर दास मानिकपुरी के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के ऑफिस असिस्टेंट की मैरिट लिस्ट अपने-अपने मोबाइल में दिखा कर मरीन ड्राइव के पास दो लाख रुपये ले लिए।

इसके बाद उक्त चयन सूची भेजा गया। इसके बाद कहा गया कि एक दिन बाद बैंक की वेबसाइड में आनलाइन चयन सूची अपलोड हो जाएगी। इस बीच प्रार्थी ने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के वेबसाइट पर और कार्यालय जाकर आफिस असिस्टेंट के वेंकेंसी संबधी जानकारी प्राप्त किया, तो मेरिट लिस्ट को फर्जी मिली। इसके बाद जब पैसे की मांग की गई तो देने में आनाकानी करने लगा।

पत्नी के वियोग में अधेड़ ने दी जान

# श्राद्ध के दिन ही फांसी पर खुद भी लटका शव के पास ही साड़ी-चूड़ी और सिंदूर मिला

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में शनिवार की रात घर से गायब अधेड़ की लाश रविवार दोपहर फार्म हाउस में फांसी के फंदे पर लटकती मिली। माना जा रहा है कि उसने अपनी पत्नी के वियोग में आत्महत्या की है। साल भर पहले उसकी पत्नी की मौत हो गई थी और रविवार को उसका वार्षिक श्राद्ध था। शव के पास ही साड़ी-चूड़ी और सिंदुर भी मिला है। घटना कोनी थाना क्षेत्र की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



ग्राम सेंदरी में रहने वाले शंकरलाल भोई (55) पेशे से किसान थे। शनिवार को वह परिवार के साथ अपने घर में था। इस बीच रात में वह परिजन को बिना बताए गायब हो गया। सुबह परिजनों की नींद खुली, तब वह घर में नहीं था। इस पर घरवाले उसकी तलाश कर रहे थे। तभी उन्हें जानकारी मिली कि लोफंदी हाई स्कूल के पास स्थित हनुमान फार्म हाउस में एक व्यक्ति की लाश फंदे पर लटकती मिली है। परिजन वहां पहुंचे, तब उसकी पहचान शंकर लाल के रूप में हुई। कोनी टीआई सुनील तिर्की ने बताया कि अधेड़ की आत्महत्या करने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। इस दौरान पूछताछ में पता चला कि शंकरलाल की पत्नी की साल भर पहले मौत हो गई थी। रविवार को उसका वार्षिक श्राद्ध था। ऐसा माना जा रहा है कि उसने पत्नी वियोग में आत्महत्या जैसे आत्मघाती कदम उठाया होगा।

### शव के पास ही मिले चूड़ी-साड़ी और सिंदूर

पुलिस ने घटनास्थल की जांच की, तब पता चला कि पेड़ के पास ही नई साड़ी, चूड़ी और सिंदूर भी रखा हुआ था। शंकर अपने चेहरे में गुलाल लगा रखा था। पुलिस को आशंका है कि पत्नी की याद में वह यह सब किया होगा। जिस जगह पर शंकरलाल ने फांसी लगाई थी, वहीं पर पुलिस को जहर की शीशी भी मिली है। पुलिस को शक है कि फांसी लगाने के पहले वह जहर भी खा लिया होगा। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा।

पत्नी का सिर दीवार पर पटककर हत्या

# घर की साफ-सफाई नहीं करने पर डंडे से किया हमला, गिरफ्तार

**जशपुर (ए)।** जशपुर जिले में पति ने अपनी ही पत्नी की हत्या कर दी है। युवक ने अपनी बीवी को इसलिए मार दिया क्योंकि उसने घर की साफसफाई नहीं की थी। आरोपी ने पहले पत्नी को लाठी-डंडे से पीटा। फिर उसके सिर को दीवार में पटक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई है। मामला बागबहरा थाना क्षेत्र का है।

खाड़ामाचा निवासी सुखीराम नाग (38) ने 18 साल पहले दुहनी बाई(35) से प्रेम विवाह किया था। तब से दोनों साथ रह रहे हैं। इस बीच शनिवार दोपहर ये वारदात हुई है। बताया जा रहा है कि शनिवार दोपहर को सुखीराम काम खत्म कर वापस लौटा था। जिसके बाद उसने देखा की घर गंदा है। घर में साफ-सफाई नहीं हुई है। इस पर पहले उसने दुहनी को गाली दिया। फिर उसे पीटा भी था। इसके बाद खाना खाकर वह सो गया था।

पता चला है कि 4 बजे सुखीराम सोकर उठा तो उसने फिर देखा तो साफसफाई नहीं हुई थी। ये देखते ही वह गुस्से में आ गया और उसने अपनी पत्नी को बुलाया। बुलाने के बाद सुखीराम पत्नी को डंडे से पीटने लगा। मारपीट के बाद उसने दुहनी का सिर को दीवार में पटक दिया। इससे वह खून से लथपथ हो गई और वहीं गिर गई। कुछ देर बात महिला की मौत हो गई थी।

# उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चोर हर महीने आते थे रायपुर, चौथी बार में रायपुर पुलिस के हत्थे चढ़े

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों दूसरों राज्यों से आरोपित यहां आकर चोरी, लूट, हत्या आदि घटनाओं को अंजाम देकर यहां से फरार हो जाते हैं। इनमें से कई मामलों में पुलिस को सफलता भी मिलती है। इसी कड़ी में पखवाड़े भर पहले स्टेशन रोड में एक साथ टूटे तीन दुकानों की चोरी में पुलिस को सफलता मिली है। मामले में पकड़े गए दो आरोपितों से मौदहापारा में हुई चार और चोरियां खुली है। इन सातों दुकानों को मिलाकर सात लाख से अधिक की चोरी हुई थी। पुलिस के अनुसार, चोरों से केवल 24 हजार रुपये ही मिल सके हैं।

नूर मोहम्मद और अजय शर्मा नामक इन दोनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। चोरी के अलग-अलग प्रकरण में दोनों पहले ही जेल जा चुके हैं। वहां इनकी मुलाकात हुई। इनमें से नूर उत्तर प्रदेश के बिजनौर का रहने वाला है। अजय शर्मा मध्य प्रदेश के जबलपुर का निवासी है। पुलिस के अनुसार, ये चौथी बार चोरी करने रायपुर आए थे। सूचना पर इन्हें पकड़ा गया। पूछताछ में ये चोरियां खुली। आरोपित नूर मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथी दतिया निवासी सलमान खान से उसकी मुलाकात अहमदाबाद एवं हैदराबाद जेल में हुई थी। दोनों साथ मिलकर जनवरी में रायपुर आए थे।

किशोरी ने फांसी लगाकर जान दी

# घर में चल रहा था पूजा कार्यक्रम कमरे में लटका मिला शव

**भिलाई (ए)।** नेवई बस्ती में 17 साल की एक किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवती का किसी युवक के साथ प्रेम प्रसंग था। दोनों के बीच हुई किसी बात को लेकर उसने यह कदम उठाया है। पुलिस ने युवती का मोबाइल फोन जब्त कर लिया है। नेवई पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

पुलिस ने बताया कि जलाराम चौक नेवई बस्ती निवासी ईश्वर जांगड़े की बेटी मोना जांगड़े ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली है। शनिवार को ईश्वर जांगड़े के घर पूजा कार्यक्रम था। घर में मेहमान भी आए थे। रात में घर के बाहर सभी लोग खाना खा रहे थे। उन्होंने मोना को भी बाहर खाना खाने के लिए बुलाया। काफी देर तक जब मोना बाहर नहीं आई तो घर वाले उसे बुलाने घर के अंदर गए। उन्होंने देखा कि घर के अंदर कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। काफी खटखटाने के बाद भी जब अंदर से आवाज नहीं आई तो घर वालों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर मोना फांसी के फंदे पर झूल रही थी। इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक मोना के पास से उसका मोबाइल फोन जब्त किया गया है। वह उस फोन से सुपेला निवासी राजा नाम के किसी लड़के से बात करती थी।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी वियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राईक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाऊन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### श्री रतन मुनि जी महाराज का मनाया गया 90 वां जन्म महोत्सव

**दुर्ग।** मंगल साधना केंद्र मंगलम में छत्तीसगढ़ प्रवर्तक पूज्य गुरुदेव श्री रतन मुनि जी महाराज का 90 वां जन्म महोत्सव जन्म महोत्सव मंगल स्मृति ट्रस्ट मंगलम द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर श्री रतन मुनि महाराज के प्रति श्रद्धा भक्ति रखने वाले देशभर के गुरु भक्तों का दीर्घायु जीवन की कामना के लिए मंगल शुभकामनाएं प्राप्त हुई। आज मंगल साधना केंद्र मंगलम में 90 सह जोड़े जाप उप प्रवर्तक डॉक्टर सतीश मुनि एवं उप प्रवर्तक गौरव मुनि साध्वी डॉक्टर चंद्रप्रभा जी के सानिध्य में रखा गया था । साथ ही उनके दीर्घायु जीवन की मंगल कामना के लिए लोगस सूत्र का जाप अनुष्ठान भी किया गया। आज बहुत से गुरु भक्तों ने एकासने व्रत की तपस्या की इसकी पूरी व्यवस्था मंगल स्मृति ट्रस्ट द्वारा की गई आज गुरुदेव के दर्शन वंदन के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से गुरु भक्त परिवार मंगलम पहुंचे थे। श्री रतन मुनि महाराज श्रमण संघ में सबसे अधिक उम्र दराज वरिष्ठ संत हैं उन्होंने संयम साधना करते हुए अपने 90 वर्ष पूर्ण किए हैं। मंगल साधना केंद्र मंगलम में आज सार्थक मुनि अरह मुनि की बड़ी दीक्षा रतन मुनि महाराज के सानिध्य में संपन्न हुई।

### स्ट्रेस मैनेजमेंट द्वारा सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य संस्कृति निर्माण पर कार्यषाला आयोजित

**भिलाई।** विगत दिनों सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के परियोजना विभाग में स्ट्रेस मैनेजमेंट पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की महत्ता को उजागर करते हुए विभाग प्रमुख व कार्यपालक निदेशक (परियोजनाऐं), ए के भट्टा ने संदेश दिया कि 'सेल' अध्यक्ष के निर्देशानुसार स्ट्रेस मैनेजमेंट कार्यक्रम द्वारा एक बेहतर, सुरक्षित एवं स्वस्थ कार्य संस्कृति का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने आव्हान किया कि एक विशेष अभियान चलाकर विभाग के प्रत्येक कर्मी को इस कार्यक्रम में शामिल किया जाय। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाऐं) अशोक कुमार, उन्मेष भारद्वाज, जीतेन्द्र यादव सपकाले सहित विभाग के सभी महाप्रबंधकगण भी शामिल हुए। विभाग के मुख्य महाप्रबंधक बी के डे के मार्गदर्शन में तैयार इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत महाप्रबंधक, सतीश पडेगांवकर उपस्थित थे।

### महिला कांग्रेस की रामनवमी रैली से राममय हुआ शहर, विधायक हुए शामिल

# रिश्तों एवं संबंधों की मर्यादा रख पुरुषोत्तम कहलाते हैं श्रीराम : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। रविवार को रामनवमी के दिन पूरे देश में रामनवमी का पर्व उत्साह एवं उमंग से मनाया जा रहा है। प्रभु श्रीराम ने आज ही के दिन मनुष्य अवतार लिया था। रामनवमी के आयोजनों में श्री राम का ननिहाल माना जाने वाला छत्तीसगढ़ भी कहीं पीछे नहीं है। दुर्ग में विधायक अरुण वोरा की उपस्थिति में महिला कांग्रेस द्वारा आयोजित रामनवमी की रैली ने शहर को राममय कर दिया।**



चारो तरफ जय श्री राम के नारों के साथ सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा रामलला की भक्ति में स्कूटर रैली निकाली गई। जिसमें शिरकत करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने कहा कि जीवन से जुड़े सभी रिश्तों एवं संबंधों की जो शिक्षा भगवान राम ने विश्व को दी है उसी की वजह से उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। सर्वशक्तिमान श्री राम की जयंती शक्ति रूपी माता की पूजा के नवें दिन हुआ है जिसमें यह संदेश प्राप्त होता है कि शक्ति के साथ संयम एवं मर्यादा आवश्यक है।

माता पिता का सम्मान, मित्रता, भाइयों से प्रेम, जीवन साथी का सम्मान सहित शत्रु के गुणों का भी सम्मान करने की सीख हमें प्रभु राम के जीवन से प्राप्त होती है।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा राम वनगमन पर्यटन परिपथ परियोजना एवं चंदखुरी स्थित माता कौशल्या मंदिर के कायाकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि श्री राम से जुड़ी प्रदेश वासियों के भावना के अनुरूप प्राचीन सभ्यता एवं इतिहास को संजोने का कार्य राज्य सरकार कर रही है जिससे नई पीढ़ी को भी श्रीराम एवं उनके आदर्श व्यक्तित्व को करीब से जानने एवं अनुसरण करने का अवसर प्राप्त हो सके। शहर भर को राममय करने वाली रैली में महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, सभापति राजेश यादव, रत्ना नारमदेव, ब्लॉक अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली समेत महिलाएं एवं अन्य कांग्रेसी सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए।

## जीव दया ग्रुप के सदस्यों ने चलित प्याऊ घर का किया शुभारम्भ




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** जीव दया ग्रुप के सदस्यो के द्वारा चलित प्याऊ घर का शुभारंभ सदर बाज़ार जैन मंदिर से किया गया । शुभारंभ लाभार्थी परिवार श्री रतनलाल जी शांतीलाल जी पारख के द्वारा किया गया इनकी बेटी सौम्या पारख का जन्मदिन भी जीव दया ग्रुप के सदस्यों के द्वारा मनाया गया राहुल कोचर, अमित बाफ़ना, नीरज लूनावत, मयंक बोथरा,अशोक लोढ़ा,शैलेश बुरड, मयंक लुनिया, गौरव पण्ड्या, आशीष बोहरा, मतिश चोपड़ा, योगेश कोचर, लाभ छाजेड, अभय बोहरा वही जीव दया ग्रुप की गर्ल्ज़ ग्रुप की सदस्य शिखा लूनावत, चंचल बोथरा, पायल पारख, श्रुति लुनिया मौजूद रहे सकोरा और कोटना बाटने का कार्य कर रही है। गर्मी के दिनों में सूरज की तपन से मनुष्य ही नहीं बल्कि पशु-पक्षियों को भी राहत की जरूरत होती है। शहर जीवदया ग्रुप के द्वारा सूरज की तपन बढ़ते ही पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने की सार्थक पहल की जा रही है। परोपकार के इस काम में अब कई लोग आगे बढ़ कर हाथ बंटाने लगे हैं। पक्षियों के लिए थोड़ा दाना ,थोड़ा पानी देने के सकोरा बाटने का कार्य भी इस सहयोग का अन्य लोग भी अनुसरण करने लगे हैं। गर्मी के दिनों में दाना-पानी देने की इस छोटी सी पहल का अनेक पक्षियों को अच्छा खासा लाभ मिल जाता है।

## बधाई हो इंडिया इवेंट एंड कंपनी द्वारा सूर्या मॉल में प्री बैसाखी सेलिब्रेशन का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बधाई हो इंडिया इवेंट एंड कंपनी भिलाई द्वारा रविवार 10 अप्रैल की शाम को सूर्या टी ई मॉल में प्री बैसाखी का सेलिब्रेशन किया गया जिसमें पंजाबी सिंगर, ढोल, डांस, कविता व फ़्लैश मोब का प्रदर्शन किया गया ।

यह कार्यक्रम में दुर्ग में होने वाले बिग्गेस्त फेस्ट बैसाखी द मेला में लोगो को आमंत्रित किया गया । बधाई हो इंडिया के डायरेक्ट निशान्त जैन व मिंकू चावला ने बताया कि बैसाखी द मेला का जो कार्यक्रम आम जनता के लिए आयोजित किया जा रहा है ये दुर्ग शहर में इतने भव्य रूप में पहली बार हो रहा है इस कार्यक्रम में दोनो दिन 10 से ज्यादा आर्टिस्टो की टीम परफॉर्म करेगी जिसमे दिल्ली का ढोल , गटका आर्ट , लाइव बैंड, डांस व सजावट आदि आकर्षण का केंद्र होंगे। उक्त कायक्रम 16-17 अप्रैल को खालसा पब्लिक स्कूल मालवीय नगर चौक में होगा।

### महाराष्ट्र से दुर्ग जिले में पहेली बार आये महिला पुरुष ढोलताशा पथक ग्रुप ने जिले में मचाई धूम

## पालकी में बैठकर माता जी ने किया नगर भ्रमण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ की धार्मिक नगरी दुर्ग के सत्तीचौरा में स्तिथ माँ दुर्गा मंदिर के 12 वे वार्षिकोत्सव के अवसर पर आज 9वे दिन बाजे, गाजे, झांकी, घोड़ी, बग्गी, आतिशबाजी के साथ माता जी को पालकी में बैठाकर नगर भ्रमण कराया गया, जिसमें विशेष रूप से पूरे जिले में पहेली बार महाराष्ट्र से दुर्ग आये जगदंब ढोलताशा पथक, वर्धा ने धूम मचा दी।

समिति के योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि श्री सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर के 12वे वार्षिक उत्सव एवं चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर पूरे 9 दिवस विशेष आयोजन किये गए, 12वे वार्षिकोत्सव के समापन में माता जी की ऐतहासिक पालकी एवं भव्य शोभायात्रा निकाली गयी, जिसमें इस वर्ष महाराष्ट्र वर्धा से महिला एवं पुरुष ढोलताशा पथक द्वारा विशेष प्रस्तुति दी गयी, पूर्व में प्रिंट एवं सोशल मीडिया में लोगो को सूचना मिलने से भारी मात्रा में महिलाएं पुरुष, युवा, युवतियां बच्चे शामिल हुए माता जी की पालकी यात्रा सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर गंजपारा से शनिचरी बाजार, गांधी चौक, मोती काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्किट, फरिश्ता काम्प्लेक्स, गुजराती धर्मशाला, तमेरपारा कंकालिन चौक, चंडी चौक, शिवपारा सिद्धार्थ नगर से होते हुए माँ दुर्गा मंदिर पहुँची। शोभायात्रा में माता जी की पालकी के साथ साथ, श्री राम दरबार की चलित झांकी, राष्ट्रीय बैंड पार्टी, जस झांकी, घोड़ी, बग्गी साथ साथ रही, महिला पुरुष ढोलताशा ग्रुप विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, बंटी शर्मा ने बताया कि महाराष्ट्र से आये जगदबं ढोलताशा पथक वर्धा के कलाकार सुबह 7 बजे स्पेशल बस से दुर्ग पहुँचे सर्व प्रथम शिवनाथ नदी पुल पुलगांव में समिति द्वारा दुर्ग में प्रवेश पर ढोलताशा ग्रुप के सभी कलाकारों का स्वागत किया गया, शोभायात्रा सँध्या 5 बजे मां दुर्गा मंदिर से प्रारंभ की गयी जिसमें सबसे पहले माता के दरबार के सामने सभी बाजा ग्रुप ने अपनी अपनी प्रस्तुति दी फिर शोभायात्रा प्रारंभ हुई।

## ज्ञान प्रचारक डॉ. विनोद साहेब जी की प्रचार यात्रा

श्रीकंचनपथ न्यूज




**दुर्ग।** संत निरंकारी मिशन के ज्ञान प्रचारक डॉ विनोद साहेब जी (जम्मू कश्मीर) की प्रचार यात्रा जो कि जोन 22 में जारी है। इस प्रचारयात्रा का पड़ाव आज संत निरंकारी सत्संग भवन दुर्ग में हुआ। संत निरंकारी सत्संग भवन दुर्ग में आयोजित सत्संग में डॉ विनोद साहेब जी ने फरमायासद्गुरु जहाँ भी कदम रखते है वो स्थान तीर्थ हो जाता है।

इस ईश्वर का ज्ञान श्रद्धावान को ही प्राप्त होता है। मोक्ष चाहिए तो सद्गुरु के चरणों मे आना होता है।सद्गुरु को भेदभाव मंजूर नही है,ये मानव को समान दृष्टि प्रदान करते है,सभी को बिना भेदभाव एक समान दृष्टि से देखने का भाव प्रदान करते है। जिसने प्रेम किया उसने ही प्रभु को पाया है।मन,कर्म, वचन से एक हो जाना यही हमारी तपस्या है।

सद्गुरु को वैर,विरोध,नफरत मंजूर नही,सद्गुरु को ऊंच नीच मंजूर नही,इसे भेदभाव मंजूर नही जो सद्गुरु को मंजूर नही वो हमें भी मंजूर नही होना चाहिए तभी हम सद्गुरु के वचनों को आत्मसात कर रहे वरना जीवन की सार्थकता कुछ भी नही। सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के संदेशों को सारी संगत तक पहुचाने इस तरह की प्रचार यात्रा में प्रचारक महात्मा अपना विशेष योगदान प्रदान करते है। जोनल इंचार्ज भजन सिंह निरंकारी जी ने भी सद्गुरुउ माता जी के वचनों को जीवन मे ढालने की शिक्षा दी। संयोजक श्री सतपाल सैनी जी ने प्रचारक महात्मा डॉ विनोद साहेब जी की आगे की प्रचार यात्रा की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार 15 अप्रैल को चरोदा हनुमान मंदिर के पास दादर रोड में विशाल क्षेत्रीय समागम का आयोजन डॉ विनोद साहेब जी की हजूरी में होगा।सत्संग का समय शाम 7 बजे से 9 बजे तक रहेगा। संयोजक सतपाल सैनी जी ने सर्व साधसंगत से सत्संग लाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है। प्रेस विज्ञप्ति के मध्याम से सूचना शंकर सचदेव ने दी।

### मदद के लिए पार्षद दया सिंह ने बढ़ाए हाथ: आगजनी के प्रभावित लोगों से दया सिंह ने की मुलाकात

# सभी को बांटे जाएंगे कपड़े और राशन, आशियाना संवारने भी करेंगे मदद

- सोमवार की सुबह फल मंडी के पीछे सूर्यानगर पहुंचे भाजपा पार्षद दया सिंह
- बेघर हो चुके लोगों को मदद का दिया आश्वासन
- कल से पहुंचने लगेगी मदद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर के सूर्यानगर अग्नीकांड के प्रभावितों की मदद के लिए हाथ बढ़ रहे हैं। लोग मदद के लिए सामने आ रहे हैं। आज खुर्सीपार से भाजपा पार्षद व बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के अध्यक्ष दया सिंह ने भी मदद के लिए आगे आए हैं। उन्होंने शहरवासियों से भी मदद के लिए आगे आने की अपील की है।**



आज दया सिंह सुबह-सुबह सूर्यानगर पहुंचे। जहां सभी प्रभावितों से मुलाकात की। उनका दुख-दर्द समझा। पार्षद दया ने शेल्टर होम का भी निरीक्षण किया। जहां चाय-नाश्ता से लेकर भोजन के लिए जरूरी इंतजाम को देखा।

लोगों की आंखों में दर्द और दुख देखकर दया सिंह भी भावुक हो उठे। उन्होंने दुर्ग-भिलाई के लोगों से अपील की है कि इस संकट की घड़ी में लोग मदद के लिए सामने आए। इनके पास पहने हुए कपड़े के अलावा कुछ भी नहीं है। जो भी था वो आग की चपेट में आकर खाक हो गया है।

दया सिंह ने कहा, हमारी समिति की ओर से सभी प्रभावितों की मदद की जाएगी। वो चाहे कपड़े हो या राशन...। हर संभव मदद पहुंचाने की पूरी कोशिश होगी। लोगों ने अपनी आप बीती बताई है। समय पर फायर ब्रिगेड के नहीं पहुंचने से बड़ा नुकसान हो गया। फायर ब्रिगेड की व्यवस्था को दुरूस्त करना चाहिए। ताकि आने वाले दिनों में इस तरह की दूसरी कोई घटना न हो।

#### हमेशा मदद के लिए दया रहे खड़े

ये पहली बार नहीं है कि मदद के लिए भाजपा पार्षद दया सिंह खड़े रहे। इससे पहले भी वे कोरोनाकाल के वक्त शहरभर में भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहे। वो चाहे राशन हो या जरूरतमंद दैनिक सामान। यही नहीं, कड़ाके की ठंड के वक्त भी दया सिंह ने कंबल बांटे।

#### दया सिंह पहुंचे तो बढ़ गई लोगों की उम्मीदें

अब फिर से सूर्यानगर के रहवासियों की मदद के लिए दया सिंह ने हाथ बढ़ाए हैं। जब दया सिंह लोगों के बीच पहुंचे तो लोगों की उम्मीदें बढ़ गई। आज के दौरे के दौरान पार्षद विनोद चेलक, पार्षद प्रतिनिधि भोला साहू, राकेश प्रसाद, प्रशांत कुमार, पवन मिश्रा, अजीत सिंह, रमेश साहू, विनोद गुप्ता, नंदू गुप्ता, खटीक समाज के शेखर सोनकर, अभिषेक पासवान समेत समिति के पदाधिकारी व मोहल्लेवासी मौजूद रहें।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950